
हरिभूमि
# रायपुर भूमि




# 5 सालों में बिछी नागपुर से राजनांदगांव तक तीसरी लाइन, अब इस रूट पर ट्रेन नहीं होगी रद्द

### हजारों ट्रेन रद्द के बाद अब सफर आरामदायक

राजनांदगांव से रायपुर के बीच रेलवे ने तीसरी लाइन का काम पहले ही पूरा कर लिया था। 2017-18 से नागपुर तक तीसरी लाइन का काम रेलवे ने शुरू किया है। रेलवे की इस परियोजना के अंतर्गत



राजनांदगांव से कलमना, नागपुर के मध्य 228 किमी तीसरी लाइन का निर्माण लगभग 3544 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से किया गया है। वर्तमान में यह परियोजना अपने अंतिम चरण पर है। इस परियोजना के अंतर्गत राजनांदगांव-कलमना स्टेशन के मध्य लगभग 200 कि.मी. से अधिक तीसरी रेल लाइन का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है। अब इस रूट पर यात्रियों का सफर आरामदायक होने वाला है। आउटर में बिना रुके यह ट्रेन अपने समय पर पहुंचेगी। हजारों ट्रेनों को रद्द करने के बाद यात्रियों को इस रूट पर ट्रेनों के रद्द होने से मुक्ति मिलेगी।



- देखेंगे मंडल और जोन की उपलब्धि, चलती ट्रेन से निरीक्षण और बैठक भी
- नागपुर से रायपुर तक अब तीसरी लाइन में चलेगी यात्री ट्रेन, विलंब और ट्रेन रद्द से मिल जाएगी मुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर से नागपुर के बीच अब एक साथ तीन पटरी रेलवे ने बिछा दी है। इस रूट पर यात्रियों की सुविधा बढ़ाने के लिए बीते 5 सालों में सैकड़ों ट्रेनों को रद्द करना पड़ा है। लगातार ट्रेनों के रद्द होने से यात्रियों की नाराजगी रेलवे को झेलनी पड़ी थी, लेकिन अब धन्यवाद भी कहेंगे, क्योंकि रायपुर से नागपुर के बीच तीसरी लाइन का काम लगभग पूरा हो गया है। अब इस रूट पर यात्री ट्रेनों को रेलवे रद्द नहीं करेगा।

बता दें कि वर्तमान में रेलवे लगातार ट्रेनों की संख्या बढ़ा रहा है, जिसमें यात्री ट्रेन और मालगाड़ी भी शामिल है। ट्रेनों के विलंब होने के पीछे मुख्य कारण पटरियों के लाइन में कमी है, लेकिन अब तीसरी लाइन की सुविधा मिलने से एक साथ तीन पटरियों का इस्तेमाल होगा। रेलवे की योजना है कि दो पटरी पर यात्री ट्रेन का परिचालन होगा और एक मालगाड़ी को चलाने के लिए उपयोग किया जाएगा। इस तरह यात्री ट्रेन निर्धारित समय पर पहुंच पाएगी। इसके साथ कई ट्रेनों की रफ्तार भी बढ़ जाएगी। 25 नवंबर को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव इसकी जांच भी करेंगे।

विशेष खबर

### अफसर बताएंगे कार्यों की उपलब्धि

रेल मंत्री के दौरे को लेकर अधिकारियों की तैयारी अंतिम चरण पर है। ट्रेन में बैठे हुए रेल मंत्री पटरियों की जांच करेंगे। इस दौरान ट्रेन में ही अधिकारियों से बैठक भी करेंगे। जोन व मंडल के अधिकारी रेल कार्यों की उपल्बधि बताएंगे। जानकारी के मुताबिक जोन के अफसर रेल मंत्री से यात्री सुविधा के विस्तार पर भी चर्चा करेंगे। रायपुर में लगभग एक घंटे मंत्री समय बिताएंगे। ऐसे में अधिकारियों स्टेशन में सभी कमियों को दूर कर रहे हैं, ताकि शिकायत का मौका ही न मिले।

## खबर संक्षेप

### चाकू टिकाकर लूट, नाबालिगों समेत तीन गिरफ्तार

**रायपुर।** गुढ़ियारी थाना क्षेत्र में फूड डिलीवरी ब्वॉय के साथ चाकू की नोंक पर लूट करने के आरोप में पुलिस ने दो नाबालिगों समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक,



भागीरथी साहू के साथ लूट के आरोप में आजाद चौक थाना क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटर बदमाश कैश उर्फ गौस खान तथा उसके दो नाबालिग साथियों को गिरफ्तार किया है। गौस के खिलाफ दो दर्जन से ज्यादा मामले दर्ज हैं। भागीरथी ने पुलिस को बताया कि देर रात पेट्रोल खत्म होने के बाद वह बाइक को धक्का मारते हुए घर ले जा रहा था, इसी दौरान रामनगर अंडरब्रिज के पास बदमाश चाकू की नोक पर उसके साथ लूट की।

### सूट-बूट गैंग की आमद शादी समारोह में चोरी

**रायपुर।** तेलीबांधा थाने में कंस्ट्रक्शन क्षेत्र से जुड़े कारोबारी ने अपने बेटे की शादी के रिस्पेशन समारोह में अज्ञात चोर के खिलाफ पर्स सहित सोने का हार चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, कचना निवासी प्रदीप नायर ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। प्रदीप ने पुलिस को बताया कि लभांडी स्थित सुनीता पार्क में बेटे की शादी में आयोजित रिस्पेशन में अज्ञात चोर सोफे में पर्स के अंदर रखे सोने की हार को पर्स सहित चोरी कर ले गया। पुलिस को चोरी की घटना में मध्यप्रदेश राजगढ़ के सूट-बूट गैंग के हाथ होने की आशंका जताई है।

### ट्रेन से कटकर महिला की मौत

**रायपुर।** कबीर नगर थाना क्षेत्र में शनिवार को एक महिला की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक, हीरापुर निवासी धनेश्वरी यादव की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हुई है। घटना मोहबाबाजार रेल्वे ट्रैक के पास की है। पुलिस के मुताबिक, जिस दिशा से ट्रेन आ रही थी, महिला उसी ट्रैक पर चल रही थी। मौके पर उपस्थित लोगों ने महिला को ट्रैक से हटने के लिए आवाज भी लगाई, लेकिन महिला लोगों की बात को अनसुनी करते हुए आगे बढ़ रही थी।

### इकरारनामा की फोटोकॉपी दिखाकर 72 लाख ठगे

**रायपुर।** खम्हारडीह थाने में कंस्ट्रक्शन कारोबार से जुड़े एक कारोबारी ने एक जमीन दलाल के खिलाफ 72 लाख रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, प्रणित चौबे ने देवेंद्र शुक्ला के खिलाफ ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। प्रणित ने पुलिस को बताया है कि देवेंद्र ने 40 एकड़ भूखंड बेचने का सौदा कर जमीन मालिक की भूमि के इकरारनामे की फोटोकॉपी दिखाकर उससे 72 लाख रुपए एडवांस ले लिए। देवेंद्र द्वारा जमीन की रजिस्ट्री करने टालमटोल करने पर प्रणित ने देवेंद्र के खिलाफ ठगी की शिकायत दर्ज कराई है।

### बैजनाथ पारा और संजय नगर वार्ड में कांग्रेस को मामूली बढ़त

# ब्राम्हण, मुस्लिम इलाकों में भी भाजपा भारी कांग्रेसी पार्षद खुद वार्ड में नहीं दिला पाए जीत







हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर दक्षिण विधानसभा ने फिर साबित कर दिया कि उसका हाथ भाजपा के साथ है। उपचुनाव में ब्राम्हण और मुस्लिम बहुल इलाकों में कांग्रेस पर भाजपा भारी रही। कांग्रेस प्रत्याशी आकाश शर्मा अपने ही वार्ड सुंदरनगर में पिछड़ गए। यहां पर भी भाजपा आगे रही। रायपुर दक्षिण विधानसभा सीट मुस्लिम बहुल है। कांग्रेस को एजाज ढेबर के बैजनाथ पारा वार्ड में 242 और पार्षद समीर अख्तर के संजय नगर वार्ड में 200 की लीड मिली। शेष सभी वार्ड में कांग्रेस को लीड नहीं मिल पाई।

### 10 फीसदी हैं मुस्लिम मतदाता

दक्षिण विधानसभा में सामान्य वर्ग से 16 प्रतिशत मतदाता इस क्षेत्र में हैं। इसमें 5 प्रतिशत ब्राह्मण और 4 प्रतिशत वैश्य शामिल हैं। अल्पसंख्यक मतदाताओं की बात की जाए तो वे 17 प्रतिशत हैं इसमें से 10 प्रतिशत मुस्लिम मतदाता शामिल हैं। मुस्लिम मतदाता संजयनगर, बैजनाथ पारा, बैरनबाजार और छोटापारा जैसे बड़े क्षेत्र हैं जहां पर मुस्लिम मतदाता ज्यादा हैं। यहां से कांग्रेस को बड़ी लीड की उम्मीद थी, लेकिन यहां के दो जगह मामूली लीड मिल पाई। यहां पर पहले की अपेक्षा 40 प्रतिशत मतदान हुआ था। इस सीट पर भाजपा के नेता बृजमोहन अग्रवाल का दबदबा रहा है। वो लगातार इस सीट से चुनाव जीतते रहे हैं।

## कांग्रेस उम्मीदवार जिस वार्ड में रहते हैं, वहां भी पिछड़े

### एजाज ने दिलाई बढ़त

महापौर एजाज ढेबर हालांकि कांग्रेस के प्रचार से दूर रहे, लेकिन अपने वार्ड में कांग्रेस को 242 मतों से लीड दिलाई। उन्होंने अपने वार्ड के 13 में से 7 बूथों में कांग्रेस को लीड दिलाई। कांग्रेस को यहां पर 3015 वोट मिले और भाजपा को यहां से 2773 वोट मिले। यहां पर कई वार्डों में लीड मामूली रही।

### वामनराव लाखे वार्ड में भाजपा को मिली 4100 की लीड

कांग्रेस पार्षद मन्नू यादव के वार्ड में भाजपा को 4100 वोट की लीड मिली। कुशालपुर और अन्य क्षेत्र के मतदाताओं ने कांग्रेस के पार्षद का क्षेत्र होने के बाद भी यहां पर पार्टी को लीड नहीं दिला पाए। क्षेत्र में पिछड़ा और अन्य मतदाताओं की संख्या ज्यादा है।



### ब्राम्हण मतदाताओं ने दिया भाजपा का साथ

चुनाव से पहले ब्राम्हण समाज ने दोनों पार्टियों से टिकट की मांग की थी। समाज की बैठकें हुई और कांग्रेस-भाजपा, दोनों दलों के दिग्गजों से मुलाकात भी की। कांग्रेस ने आकाश शर्मा को टिकट दिया और भाजपा ने सुनील सोनी को। माना जा रहा था कि इससे कांग्रेस को फायदा हो सकता है। यहां पर ब्राम्हण पारा, सुदंरनगर, मैत्री नगर जैसे क्षेत्रों में अधिकतर ब्राम्हण मतदाता निवास करते हैं। कांग्रेस ने यहां पर अपने बड़े नेताओं के जरिए प्रचार भी किया। अकेले ब्राम्हण पारा और आसपास के क्षेत्रों से भाजपा को 4 हजार से अधिक की लीड मिली। सुंदरगनर क्षेत्र में भी भाजपा को कांग्रेस से अच्छी लीड मिली जिसने जीत के लिए संजीवनी का काम किया। कांग्रेस नेताओं की रणनीति इस वर्ग के लोगों को ब्राम्हण प्रत्याशी उतार कर लेने की रही जो फेल हो गई।

### सभापति दुबे के वार्ड में पिछड़ी कांग्रेस

सभापति प्रमोद दुबे दक्षिण सीट के सबसे बड़े दावेदार के रूप में उभरे थे। उनके वार्ड में भी कांग्रेस को अपेक्षित लीड नहीं मिल पाई। उनके क्षेत्र में शासकीय कर्मचारियों के अलावा मुस्लिम और अल्पसंख्यक वर्ग के वोटर हैं। यहां पर कांग्रेस ने अलग-अलग वार्ड प्रभारी बनाकर चुनाव प्रचार किया था। बताया जाता है कि उनके किनारा करने से इस क्षेत्र में मुस्लिम मतदाताओं ने कांग्रेस का साथ छोड़ दिया। इससे सीधे तौर पर बीजेपी को फायदा पहुंचा और बीजेपी ने जीत दर्ज की।

### पिछड़ा वर्ग का भाजपा को मिला साथ

क्षेत्र में आधे से ज्यादा मतदाता पिछड़े वर्ग से हैं। भाजपा ने उन क्षेत्रों में जहां इनकी बहुलता है, वहां पर पिछड़ा वर्ग के नेताओं को प्रचार में लगाया था, जिसका फायदा मिला। कांग्रेस ने चुनाव प्रचार के दौरान घर-घर तक पहुंचने का प्रयास किया, लेकिन अंतिम दिनों में वे कमजोर साबित हुए। पिछड़ा वर्ग के भाजपा नेताओं ने इसका पूरा फायदा उठाते हुए इन क्षेत्रों में अच्छी लीड ली, जो कांग्रेस को बड़े अंतर से हराने में कामयाब रही।

**कांग्रेस पार्षद नहीं दिला सके लीड** कांग्रेस के इस दक्षिण विधानसभा के 19 वार्ड में 11 पार्षद हैं। कांग्रेस पुरानी बस्ती, महामाया पारा वार्ड, मठपारा, सदरबाजार, संजय नगर, शैलेंद्र नगर, भगवती चरण शुक्ला, वामनराव लाखे जैसे बड़े वार्डों में पिछड़ गई। यहां पर कांग्रेस पार्षदों तथा वार्ड में अन्य नेताओं को प्रभारी बनाकर प्रचार कराया गया। वार्ड पार्षदों की अपील के बाद भी कांग्रेसी अपने वार्ड में लीड नहीं दिला पाए।

## हरिभूमि की खबर का असर

# एसएसपी ने कहा- बदले जाएंगे वर्षों से जमे थाना चलाने वाले सेटिंगबाज पुलिसकर्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बदमाशों पर अंकुश लगाने पुलिस लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई कर रही है, बावजूद इसके तारीफ होने के बजाय पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर अंगुली उठ रही है। इसकी वजह थानों में लंबे अरसे से जमे निचले स्तर के पुलिसकर्मियों की करतूत है। ऐसे ही एक पुलिसकर्मी की करतूत की वजह से टिकरापारा थाना क्षेत्र में पेशे से ऑटो मेकैनिक मोहम्मद शहजाद शेख खुदकुशी जैसा आत्मघाती कदम उठाने के लिए मजबूर हुआ।

- पुलिसकर्मियों की करतूत की वजह से हो रही पुलिस की बदनामी

उल्लेखनीय है कि हरिभूमि ने शनिवार को ही खबर प्रकाशित की थी। हर थाने में कुछ पुलिसकर्मी कई सालों से जमे हैं। वे सेटिंग से लेकर वसूली तक, हर काम में माहिर हैं। उस वजह से थाना प्रभारी बदलने से सिस्टम नहीं बदल पाता है। टिकरापारा की ▶▶|शेष पेज 13 पर


थानों में वर्षों से जमे पुराने सिपाही कर रहे वसूली का काम
शहर के दर्जनभर थाने, जहां 'महेश' जैसे सिपाहियों के नाम का चलता है सिक्का

### कई थानों के प्रभारी बदले जाने की चर्चा

सूत्रों के मुताबिक पुलिसकर्मियों का तबादला आदेश जारी करने के साथ ही एसएसपी कई थानों के टीआई का भी तबादला करने की तैयारी में हैं। एसएसपी सभी थानों के टीआई की कार्यप्रणाली का अवलोकन करने के बाद टीआई का ताबादला आदेश जारी करेंगे। इनमें कई टीआई के पुलिस लाइन अटैच करने की जानकारी सूत्रों ने दी है।

### थानों में हिस्ट्रीशीटरों का दबदबा

वर्षों से अलग-अलग थानों में जमे पुलिसकर्मियों का व्यवहार न्याय मांगने वालों के साथ कैसा रहता है, यह सभी जानते हैं। जिन बदमाशों का नाम पुलिस की हिस्ट्रीशीट में दर्ज है, उन बदमाशों का वर्षों से थानों में तैनात पुलिसकर्मियों की वजह से क्षेत्र के साथ थानों में दबदबा रहता है। इसका उदाहरण पैरोल पर छूटे बदमाश राजा बैझड़ है, जिसने पकड़ने गई पुलिसकर्मियों के साथ धक्का मुक्की की थी। पुलिस राजा को गिरफ्तार कर थाने लाई, तो उस बदामाश की थाने में कट्टे के साथ हंसते हुए फोटो सामने आई थी। इतना ही नहीं, बदमाश पुलिसकर्मियों के बीच में कट्टा लेकर खड़ा दिख रहा था।

### करतूत के बारे में प्रमुखता के साथ खबर प्रकाशित

गौरतलब है कि थानों में लंबे अरसे से तैनात ऐसे पुलिसकर्मी, जिनके इशारे पर एफआईआर दर्ज करने के साथ लेन-देन कर मामला रफा दफा करने को लेकर हरिभूमि ने प्रमुखता के साथ खबर प्रकाशित की। हरिभूमि की खबर के साथ हाल के दिनों में घटित घटना को एसएसपी ने गंभीरता से लिया है और विभाग में बड़ी सर्जरी करने का मन बनाया है।

# रिकार्ड 70 लाख अंडे खा रहे छत्तीसगढ़िया


## रोज होता है 80 लाख अंडों का उत्पादन, 10 लाख ही जा रहे हैं दूसरे राज्यों में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बचपन से यही सुनते रहे हैं, संडे हो मंडे रोज खाओ अंडे, तो बस इस पर अमल करते नजर आ रहे हैं अपने प्रदेश के लोग। यहां रोज 80 लाख अंडों का उत्पादन हो रहा है। इसमें से 70 लाख अंडे रोज अपने राज्य के लोग ही डकार जा रहे हैं। मुश्किल से 10 लाख के आसपास ही अंडे दूसरे राज्यों में जा रहे हैं। सामान्य समय में 40 फीसदी अंडे दूसरे राज्यों में जाते हैं, लेकिन ठंड में यहां खपत बढ़ गई है। इसी के साथ कीमत में भी इजाफा हो गया है। पहली बार ठंड के समय में कीमत चिल्हर में सात रुपए हो गई है। थोक में दाम साढ़े छह रुपए है।

खास खबर

छत्तीसगढ़ का नाम भी ज्यादा अंडे उत्पादन करने वाले राज्यों में शामिल है। यही वजह है कि यहां से दूसरे राज्यों में रोज अंडे जाते हैं। यहां कई बड़े पोल्ट्री फार्म हैं। इनमें लाखों की संख्या में अंडों का उत्पादन रोज होता है। कोरोना काल में जब लॉकडाउन लगा था, तो पोल्ट्री फार्म वालों ही हालत खस्ता हो गई थी। यहां 20 करोड़ से ज्यादा अंडों को कोल्ड स्टोरेज में रखना पड़ा था। स्थिति अंडों को फेंकने की आ गई थी, लेकिन लॉक डाउन हटने के कारण राहत मिली थी। एक साल पहले दो माह का सावन पड़ने के कारण भी अंडों स्टॉक कोल्ड स्टोरेज में रखा गया था। इस बार भी सावन में लाखों अंडों को कोल्ड स्टोरेज में रखा गया था, क्योंकि सावन में खपत कम हो जाती है।



### ठंड में खपत बढ़ी

आमतौर पर प्रदेश में ठंड में अंडों की खपत बढ़ जाती है। सामान्य समय में जब यहां रोज 80 लाख अंडों का उत्पादन होता है, तो इसमें से 30 से 40 फीसदी यानी 20 से 30 लाख अंडे दूसरे राज्यों में जाते हैं, लेकिन ठंड में बाहर के राज्यों में भेजने के लिए बहुत कम अंडे बच रहे हैं। पोल्ट्री फार्म कारोबारियों की मानें, तो इस समय दूसरे राज्यों में मुश्किल से 10 से 12 फीसदी ही अंडे यानी करीब दस लाख अंडे ही जा रहे हैं। बाकी की खपत अपने राज्य में हो रही है।

### राज्य में ही खपत ज्यादा

ठंड में हमेशा ही अपने राज्य में खपत ज्यादा होती है। इस बार भी ज्यादा खपत होने के कारण दूसरे राज्यों में यहां से अंडे बहुत कम जा रहे हैं।

**- धनराज बैनर्जी,** पोल्ट्री फार्म कारोबारी

### कीमत आसमान पर

अंडों की गर्मी और बारिश के समय कीमत बहुत कम होती है। गर्मी में अंडों के खराब होने का खतरा भी रहता है। ऐसे में पोल्ट्री फार्म में इसकी कीमत तीन रुपए से कम और थोक में साढ़े तीन और चिल्हर में चार रुपए के आसपास रहती है, लेकिन इस बार गर्मी में भी कीमत आसमान पर रही है। गर्मी में इस बार अंडा चिल्हर में साढ़े छह रुपए तक बिका है। लेकिन अब ठंड में खपत बढ़ने के साथ कीमत भी और बढ़ गई है। इस समय बड़े कारोबारी थोक में छह रुपए में बेच रहे हैं। यह किराना दुकान और अन्य कारोबारियों तक सवा छह रुपए में पहुंच रहा है। ऐसे में इसको थोक में एक क्रेट यानी 30 अंडे लेने पर साढ़े छह रुपए में बेचा जा रहा है। अगर कोई एक दर्जन अंडा ले रहा है तो उनको कहीं 80 तो कहीं 84 रुपए में ही मिल रहे है। चिल्हर में इसको सात रुपए में बेचा जा रहा है।

# गौरभाट रेत घाट नीलामी मामले की जांच शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले के आरंग ब्लॉक अंतर्गत गौरभाट रेत घाट नीलामी की जांच शुरू कर दी गई है। इसकी जांच क्षेत्र की तहसीलदार सीता शुक्ला द्वारा की जा रही है। उनका कहना है कि कलेक्टर के निर्देश पर इस मामले की जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद इसकी रिपोर्ट प्रशासन को भेजी जाएगी, जिस पर प्रशासन कार्रवाई करेगा। गौरभाट के ग्रामीणों ने गांव में एक बैठक आयोजित ▶▶|शेष पेज 13 पर

### घाट पर रखी जा रही निगरानी

गौरभाट घाट की नीलामी के बाद लगातार इस घाट की निगरानी की जा रही है। अवैध रूप से उत्खनन होने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। घाट की नीलामी की जांच कलेक्टर के निर्देश पर तहसीलदार द्वारा की जा रही है।

**- केके गोलघाटे,** उप संचालक खनिज विभाग रायपुर

पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411








## खबर संक्षेप



### प्रमाणपत्र लिया, विजय जुलूस निकाला

**रायपुर।** बीजेपी उपचुनाव में प्रत्याशी सुनील सोनी को 46 हजार मतों से विजयी घोषित किया गया। रायपुर कलेक्टर ने सेजबहार मतगणना केंद्र में उन्हें जीत का प्रमाणपत्र दिया। प्रमाणपत्र लेने के बाद विजय जुलूस के साथ सेजबहार से भाजपा के दक्षिण विधानसभा कार्यालय तत्पर में सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने धन्यवाद ज्ञापित कर कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा की। इस दौरान नगर निगम वार्ड क्रमांक 67 से सोनू तिवारी, यादराम साहू, मोहन वर्मा, अजय ठाकुर, गजानन मिश्रा, प्रवीण शर्मा, दिनेश श्रीवास, देवचंद कटरे, टीकम वर्मा, सहदेव चंद्राकर, झम्मन मिश्रा, आनंद साहू, ईश्वर देवांगन, देवा सेन और टीम उपस्थित थी।

### प्रेस क्लब के साथियों ने उठाया लर्निंग लाइसेंस शिविर का लाभ



**रायपुर।** रायपुर प्रेस क्लब द्वारा आयोजित दो दिवसीय ड्रायविंग लायसेंस शिविर के पहले दिन शनिवार को 152 पत्रकारों एवं उनके परिजनों ने ड्रायविंग लाइसेंस बनवाकर इस शिविर का लाभ उठाया। शिविर में ड्रायविंग लायसेंस संबंधी समस्याओं का समाधान भी किया गया। प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रफुल्ल ठाकुर ने बताया कि प्रेस क्लब द्वारा अपने सदस्यों और मीडिया के साथियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए लगातार इस तरह के आयोजन किए जा रहे हैं। पत्रकार अपनी व्यस्तताओं की वजह से अपना और अपने परिजनों के ड्रायविंग लाइसेंस चाह कर भी नहीं बनवा पाते। कई बार नवीनीकरण में भी देरी हो जाती है।

### भाजपा नेताओं ने एक स्वर में कहा, यह विष्णु सरकार के सुशासन की जीत

# भाजपा में जीत का जश्न, मुख्यमंत्री साय बोले- कांग्रेस को जितने मत नहीं मिले, उससे ज्यादा मतों से भाजपा की जीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर दक्षिण में भाजपा की जीत के बाद एकात्म परिसर में भाजपा ने जमकर जश्न मनाया। भाजपा नेता जहां खूब थिरके, वहीं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रदेश के मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के साथ ही भाजपा के कई दिग्गज नेता एकात्म परिसर में जुटे। भाजपा की जीत पर मुख्यमंत्री साय ने कहा, कांग्रेस को जितने मत नहीं मिले, उससे ज्यादा मतों से भाजपा की जीत हुई है, यह कांग्रेस की दुर्गति का प्रमाण है। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरणदेव सहित सभी भाजपा नेताओं ने भाजपा की जीत को प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार के सुशासन की जीत बताया है।

सीएम साय ने कहा, रायपुर दक्षिण हमारी भाजपा सरकार के सुशासन पर जनता की मुहर है। हमने प्रदेश में लोकतंत्र के प्रति जनता के भरोसे को बहाल किया है। मोदी जी की गारंटी को सरकार ने महज कुछ महीनों में पूरा करने का काम किया है। यह उसका जनादेश है। सीएम साय ने कहा, मैं इस जीत के लिए भाजपा के कार्यकर्ताओं, चुनाव के प्रभारी श्यामबिहारी जायसवाल, शिवरतन शर्मा, भाजपा के सभी मंत्री विधायक, पदाधिकारियों एवं पिछले कई दशकों से दक्षिण विधानसभा की सेवा कर रहे सांसद बृजमोहन अग्रवाल को बधाई देता हूं। हमारे प्रत्याशी सुनील सोनी को भी इस प्रचंड जीत की बहुत-बहुत बधाई।

भारतीय जनता पार्टी रायपुर दक्षिण के मतदाताओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करती है। मैं उनका बहुत-बहुत आभार करते हुए इस बात का विश्वास दिलाता हूं कि जो विश्वास जनता ने किया है हम उस पर खरे उतरेंगे। सीएम साय ने कहा, जीत के लिए मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार प्रकट करता हूं, जिनका जादू पूरे देश में चल रहा है। हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह को बहुत-बहुत बधाई देता हूं।



### जीत के बाद विधानसभा अध्यक्ष रमन से मिले सोनी

रायपुर। रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव में नव निर्वाचित विधायक सुनील सोनी ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से उनके निवास स्थान स्पीकर हाउस पहुंचकर सौजन्य मुलाकात की। इस ऐतिहासिक जीत पर श्री सोनी को बधाई देते हुए डॉ. रमन ने विधानसभा में उनका स्वागत किया और रायपुर दक्षिण के नागरिकों के प्रति सांसद और महापौर रहते हुए उनके योगदान को सराहा। डॉ. रमन ने कहा, श्री सोनी की यह जीत जनता के अभूतपूर्व विश्वास और रायपुर दक्षिण क्षेत्र में किए गए अथक परिश्रम का परिणाम है। मैं उन्हें इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई देता हू और विश्वास करता हू कि वे विधानसभा में अपने क्षेत्र की आवाज को मजबूती से उठाएंगे। डॉ. रमन ने कहा, सुनील सोनी का जीतना रायपुर दक्षिण के विकास और जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने की दिशा में एक नई शुरुआत है। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा, श्री सोनी जनता की उम्मीदों पर खरा उतरते हुए विधानसभा में सकारात्मक योगदान देंगे।

### भाजपा नेता जमकर थिरके

भाजपा की जीत के बाद एक एक करके भाजपा नेता एकात्म परिसर पहुंचे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, भाजपा के प्रत्याशी सुनील सोनी, विधायक राजेश मूणत, मोतीलाल साहू, शिवरतन शर्मा, भाजपा मीडिया विभाग के अमित चिमनानी, अनुराग अग्रवाल सहित कई भाजपा नेता और पदाधिकारी पहुंचे। सभी नए एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत का जश्न मनाया। इसी के साथ कई भाजपा नेता जमकर थिरके भी। जमकर आतिशबाजी भी की गई।

### भाजपा नेता बोले- जनता ने जताया अगाध विश्वास

उपचुनाव के प्रभारी श्यामबिहारी जायसवाल ने रायपुर दक्षिण में भाजपा की शानदार जीत और लगातार नौवीं बार वापसी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व, विष्णुदेव साय सरकार के सुशासन, कार्यों और भाजपा के प्रति जनता-जनार्दन के अगाध विश्वास का परिचायक बताया है। श्री जायसवाल ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस के नेताओं ने सोचा, शायद इस बार कुछ नई शिगूफेबाजी की जाए और उन्होंने जाति व धर्म के आधार पर समाज को बांटने का शिगूफा उछाला था, लेकिन कांग्रेसी-बदनीयती नहीं चल पाई। प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा, रायपुर दक्षिण की जनता ने एक बार फिर बता दिया कि प्रदेश और शहर का विकास केवल भाजपा की सरकार ही कर सकती है। रायपुर दक्षिण की जनता ने मोदी जी की विश्वसनीयता और विष्णु देव साय सरकार के सुशासन, प्रदेश सरकार की नीतियों से प्रभावित होकर एक बार फिर कमल पर मुहर लगाई। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने कहा, भाजपा की यह जीत जनता-जनार्दन के संकल्पों की जीत है। जनता ने भाजपा के संकल्पों और मोदी की गारंटी ,विष्णु देव सरकार के ऐतिहासिक कार्यों और दक्षिण विधासनभा में पिछले कई वर्षों पूर्व विधायक व सांसद बृजमोहन अग्रवाल द्वारा किए जा रहे विकास पर मुहर लगाई है।पूर्व नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने कहा, यह जीत डबल इंजन सरकार की सुरक्षा-सुशासन एवं जन-कल्याणकारी नीतियों तथा समर्पित कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम की जीत है।

## कांग्रेस बोली- दक्षिण उपचुनाव का नतीजा हमारी अपेक्षाओं के अनुरूप नहीं, जनादेश शिरोधार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

विधानसभा चुनाव परिणामों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, दक्षिण विधानसभा उपचुनाव का जनादेश शिरोधार्य है। उपचुनाव के परिणाम पार्टी की अपेक्षाओं के अनुरूप नहीं आये।

पूरी पार्टी, नेताओं और कार्यकताओं ने एकजुटता से चुनाव को लड़ा। उपचुनाव का रिजल्ट आमतौर पर सत्ता दल के पक्ष में आता है। जब कांग्रेस की सरकार थी, तो कांग्रेस पार्टी ने 5 उपचुनाव जीते थे। जनता के हित और सरोकार के लिये हमारी लड़ाई जारी रहेगी। उन्होंने कहा, एक उपचुनाव के परिणाम से जनता के सभी सवालों का जवाब नहीं मिल जाता और न ही राज्य के हालात में परिवर्तन हो जाता है। प्रदेश की बिगड़ती कानून व्यवस्था, राज्य में भ्रष्ट तंत्र का बोलबाला, भाजपा की वादा खिलाफी, 1 लाख नौकरियों का वादा, 500 में गैस सिलेण्डर, 1.25 करोड़ माताओं बहनों के महतारी वंदन की राशि, अनियमित कर्मचारियों को 100 दिन में नियमित करने का वादा, धान खरीदी की परेशानी ऐसे विषय हैं, जिसमें साय सरकार विफल साबित हुई है। कांग्रेस, सरकार को वादे याद दिलाती रहेगी तथा मजबूत विपक्ष के रूप में अपना संघर्ष जारी रखेगी। झारखंड, कर्नाटका, राजस्थान और मध्यप्रदेश की एक सीट पर कांग्रेस इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी विजयी हुये हैं। महाराष्ट्र का चुनाव परिणाम अप्रत्याशित है। वायनाड से अभूतपूर्व विजय हासिल करने के लिये कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी को बधाई।



## बिहान समूह के कार्यों को भारत सरकार के एडिशनल सेक्रेटरी ने सराहा

**रायपुर।** भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय अंतर्गत राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के एडिशनल सेक्रेटरी चरणजीत सिंह ने शनिवार को धमतरी जिले के नारी और चर्रा गांव का दौरा कर बिहान समूह की महिलाओं से मुलाकात की और उनके द्वारा संचालित गतिविधियों का अवलोकन किया। एडिशनल सेक्रेटरी ने बिहान के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत एवं स्वावलंबी बनाने किए जा रहे प्रयासों की सराहना की और कहा, बिहान समूह से जुड़कर महिलाओं में जागरूकता और आर्थिक स्वावलंबन की भावना विकसित हुई है। एडिशनल सेक्रेटरी श्री सिंह आज छत्तीसगढ़ के दो दिवसीय प्रवास पर रायपुर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीण विकास विभाग की प्रमुख सचिव निहारिका बारिक सिंह से मुलाकात कर छत्तीसगढ़ के लिए नये प्रोजेक्ट्स की संभावनाओं पर चर्चा की। इसके बाद धमतरी जलि के कुरुद विकासखंड के नारी एवं चर्रा गांव पहुंचे और वहां बिहान समूह की महिलाओं द्वारा किये जा कार्यों का अवलोकन किया। यहां कृषि आधारित उत्पाद, पशुपालन, ग्रीन आर्मी की महिलाओं द्वारा किए जा रहे कार्यों को सराहा। श्री सिंह ने विशेष पिछड़ी जनजाति कमार परिवारों के स्वावलंबन के कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने महिलाओं से बिहान अंतर्गत आजीविका गतिविधियों से हो रही आय व्यय के बारे में भी पूछा। ग्राम चर्रा में महिला समूह के उत्पाद के स्टालों का अवलोकन किया। उन्होंने बैंक सखी के कार्य में आने वाली दिक्कतों के बारे में जानकारी ली।

### आचार संहिता उल्लंघन की 18 शिकायतें, सभी निराकृत

**रायपुर।** दक्षिण विधानसभा उपचुनाव की घोषणा से लेकर चुनाव संपन्न होने तक आचार संहिता उल्लंघन की कुल 18 शिकायते जिला प्रशासन के चुनाव शिकायत केंद्र में की गई थी। इन सभी शिकायतों का निराकरण कर दिया गया। शिकायत केंद्र के नोडल अधिकारी अपर कलेक्टर कीर्तिमान सिंह राठौर ने बताया कि विधानसभा उपचुनाव के लिए जिला पंचायत बिल्डिंग की पहली मंजिल में शिकायत केंद्र बनाया गया था। इस शिकायत केंद्र में 16 से 30 अक्टूबर के दौरान ही 18 शिकायते मिली थी। इनमें ज्यादातर शिकायत बैनर-पोस्टर को लेकर आई थी। कई शिकायते फर्जी भी मिली, क्योंकि मौके पर जाकर जांच की तो कहीं भी बैनर या पोस्टर टंगा नहीं मिला।

**न्यायालय विवाह अधिकारी रायपुर (छ.ग.)**

**फार्म "अ"**

सर्व साधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि श्री साकेत वर्मा पिता श्री मनसुख राम वर्मा निवासी एफ-9 शिवधाम रोड़ एफ कृष्णपुरी देवपुरी जिला रायपुर एवं कु. करिश्मा देवांगन पिता श्री शंकर लाल देवांगन निवासी म.नं. 48/207 पटवा पारा कंकाली मंदिर पुरानी बस्ती जिला रायपुर ने विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 5 के अधीन अपने विवाह के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है।

प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 21 दिसम्बर, 2024 के पूर्व निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी, तथा यह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक 21 नवम्बर, 2024 को इस न्यायालय के हस्ताक्षर एवं मुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर

विवाह अधिकारी
रायपुर (छ.ग.)










विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130



## निधन

### चंद्रदेव सिंह ठाकुर



रायपुर। श्रीजी द्वारका न्यू पुरेना अमलीडीह निवासी चंद्रदेव सिंह ठाकुर का 23 नवंबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 24 नवंबर को सुबह 11 बजे उनके निवास से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे ज्योति ठाकुर के पति, गौरव एवं श्वेता के पिता थे।

### विजय कुमार पाठक



रायपुर। पुरानी बस्ती पाठक गली निवासी पूर्व कर्मचारी नेता विजय कुमार पाठक (94) का 23 नवंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे किशन पाठक, महेंद्र पाठक, राजेंद्र पाठक के पिता थे।

### कृष्णादेवी शर्मा



रायपुर। भाटापारा निवासी कृष्णादेवी शर्मा (मुंगेली वाले) (90) का 23 नवंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 24 नवंबर को सुबह 10 बजे मारवाड़ी मुक्तिधाम भाटापारा में किया जाएगा। वे हरिहर शर्मा व वरिष्ठ पत्रकार वीरेंद्र शर्मा, पद्मा पांडे, प्रभा पांडे, प्रतिभा शुक्ला की माता थीं।

### शकुंतला दुबे



रायपुर। ब्राह्मण पारा डॉ. बैस गली निवासी शकुंतला दुबे (69) का 23 नवंबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 24 नवंबर को सुबह 9 बजे उनके निवास से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे प्रवीण और प्रसन्न दुबे की भाभी एवं हर्ष, प्रियंका एवं प्रतीक्षा की माता थीं।

# शहर में 10 जगहों पर ईवी फास्ट चार्जिंग स्टेशन, कम समय में गाड़ी होगी चार्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर नगर निगम ने इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड के साथ मिलकर 10 जगहों पर लोगों की सुविधा के लिए फास्ट ईवी चार्जिंग स्टेशन की योजना पर काम शुरू किया है। इन सभी स्टेशनों पर 3 गन वाले चार्जर लगाए जा रहे हैं। पहला चार्जिंग स्टेशन बूढ़ापारा के इंडोर स्टेडियम परिसर में शुरू किया गया। इसी तरह निगम मुख्यालय बिल्डिंग परिसर, जयस्तंभ चौक स्थित मल्टीलेवल पार्किंग, कलेक्टोरेट के समीप हाईटेक मल्टीलेवल पार्किंग परिसर में ईवी फास्ट चार्जिंग स्टेशन शुरू हुआ है। साथ ही गांधी उद्यान के समीप और नेताजी सुभाष स्टेडियम के पास फास्ट चार्जिंग स्टेशन की सुविधा जल्द मिलने लगेगी।

शहर की वायु गुणवत्ता में सुधार करने और ई व्हीकल को प्रोत्साहित करने केन्द्र सरकार के अभियान में रायपुर नगर निगम ने तत्परता दिखाई है। सरकारी उपक्रम आईओसीएल के साथ फास्ट ईवी चार्जिंग स्टेशन लगाने 10 साल का अनुबंध किया गया है। इसमें शहर की 10 चयनित जगहों पर यह सुविधा लोगों को मिलेगी। चार्जिंग स्टेशन की कैपेसिटी 142 किलोवाट है।

## नगर निगम ने किया है आईओसीएल के साथ अनुबंध

### 45 मिनट में चार्ज होगा व्हीकल

प्रोजेक्ट से जुड़े निगम अधिकारियों के मुताबिक इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड के मोबाइल एप से लोग अपने ई-व्हीकल की चार्जिंग संबंधित फास्ट चार्जिंग स्टेशन से करा सकते हैं। 45 मिनट की समय अवधि में ईवी चार्ज होगा। ग्राहकों से 20 रुपए प्रति किलोवाट के हिसाब से चार्जिंग शुल्क लिया जाएगा। अनुबंध के हिसाब से इसमें से 18 रुपए अनुबंधित कंपनी के हिस्से में और 2 रुपए प्रति किलोवाट नगर निगम को राशि मिलेगी।



### इन स्थानों पर ईवी फास्ट चार्जिंग स्टेशन

- नेताजी सुभाष स्टेडियम परिसर
- बूढ़ापारा स्थित इंडोर स्टेडियम परिसर
- निगम मुख्यालय बिल्डिंग के पास
- पंडरी में महालक्ष्मी कपड़ा मार्केट
- गांधी उद्यान पार्किंग
- अनुपम नगर गार्डन
- सेंट्रल लाइब्रेरी परिसर
- कलेक्टोरेट पार्किंग परिसर
- जयस्तंभ चौक स्थित मल्टीलेवल पार्किंग परिसर
- आमानाका के पास

शहर में सबसे ज्यादा अवैध प्लाटिंग के मामले जोन-10 क्षेत्र में

# कलेक्टर के निर्देश पर जिस भूमि को किया गया था ब्लॉक, वहां बाउंड्रीवाल से लेकर मकान तक तन गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जिला प्रशासन के निर्देश पर जिस खसरा नंबर की भूमि को ब्लॉक किया गया था। उस भूमि पर भू-माफिया द्वारा बिना अनुमति के बाउंड्रीवाल करने के साथ मकानों का निर्माण भी कराया जा रहा है। शहर के अमलीडीह, देवपुरी इलाके में तत्कालीन कलेक्टर डा. सर्वेश्वर भुरे ने अवैध प्लाटिंग के मामले में दर्जनों खसरा नंबरों की जमीन को ब्लॉक कराया था। ब्लॉक किए जाने के बाद इन खसरों की जमीनों पर अवैध प्लाटिंग पर रोक भी लगी थी, लेकिन पिछले कुछ महीनों से ब्लॉक खसरों की जमीन पर दोबारा अवैध प्लाटिंग का खेल शुरू हो गया है। अवैध प्लाटिंग के साथ भू-माफिया ब्लॉक की गई जमीन को बाउंड्रीवाल से घेरकर यहां अवैध रूप से मकानों का निर्माण कराकर बेचने भी लगे हैं। इसकी शिकायतें जोन कार्यालय में भी की गई हैं, लेकिन अब तक इस मामले में अधिकारियों द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। इधर इस क्षेत्र के जोन कमिश्नर का कहना है कि शिकायत आने पर संबंधित भूमि स्वामियों को नोटिस जारी किया जाएगा।



**निगम क्षेत्र में 398 खसरे किए गए ब्लॉक** : डेढ़ वर्ष पूर्व निगम क्षेत्र अंतर्गत अवैध प्लाटिंग के कुल 398 खसरों को भी ब्लॉक किया गया था। उक्त खसरा नंबरों के तहत कुल 41.6477 हेक्टेयर जमीन की रजिस्ट्री पर रोक लगाई गई है। इन प्रकरणों में अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। कार्रवाई नहीं किए जाने से भू-माफिया दोबारा ब्लॉक की गई कई जमीनों पर अवैध प्लाटिंग करना शुरू कर चुके है।

### शिकायत मिली है नोटिस जारी करेंगे

अमलीडीह में बीएसयूपी कालोनी के पास एवं देवपुरी क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग की शिकायत मिली है। इस मामले में भू स्वामियों को नोटिस जारी कर अवैध निर्माण स्वयं से हटाने के लिए कहा जाएगा। इसके बाद भी हटाया नहीं गया, तो कार्रवाई करेंगे। खसरा ब्लॉक की जमीन पर मकान बने हैं, तो उसे भी तोड़ा जाएगा। 92 प्रकरणों में एफआईआर दर्ज करने थानों में आवेदन दिए हैं।

*- राकेश शर्मा, कमिश्नर, जोन-10 रायपुर*

# ब्रांच शिफ्ट करने का झांसा देकर छात्रों से 18 लाख रुपए की ठगी

**रायपुर।** सरस्वती नगर थाना में 21 छात्रों ने प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कराने वाले इंदौर के एक कोचिंग सेंटर संचालक के खिलाफ 18 लाख रुपए की ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। छात्रों ने पुलिस को बताया है कि कोचिंग सेंटर संचालित करने वाली संस्था ने उनसे शुल्क लेने के बाद ब्रांच शिफ्ट करने का झांसा देकर ठगी का शिकार बनाया। आजाद चौक सीएसपी अजय कुमार के मुताबिक छात्रों ने कौटिल्य अकादमी के संचालक तांडेश्वर तथा रूबी मजूमदार के खिलाफ ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। छात्रों ने पुलिस को बताया है कि कौटिल्य अकादमी के संचालक ने कोचिंग देने के नाम पर उनसे शुल्क ले लिया।

- छात्रों ने कौटिल्य अकादमी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई

इसके बाद कोचिंग संचालक ने उन्हें अपनी ब्रांच दूसरी जगह शिफ्ट करने की बात कह कर कुछ समय के बाद कोचिंग शुरू करने का झांसा दिया और कोचिंग सेंटर संचालक रुपए लेकर फरार हो गया। कोचिंग सेंटर संचालक से संपर्क नहीं होने पर छात्र कौटिल्य अकादमी के संचालक के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराने पहुंचे।

# पिछली बार 17.5 तक पहुंचा पारा, इस बार पंद्रह से नीचे उतरा, अब बदलाव नहीं


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हवा की दिशा बदलने के दो दिन पहले शहर में नवंबर का सबसे कम न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया। पिछले साल रात का तापमान 17.5 तक लुढ़का था, जो इस बार 14.9 तक जा पहुंचा, जिससे सुबह के वक्त ज्यादा ठंड महसूस हुई। अब शहर की ठंड में बढ़ोतरी होना संभव नहीं है, क्योंकि हवा की दिशा में बदलाव होने वाला है। राजधानी में वर्ष 2022 में न्यूनतम तापमान 13 डिग्री तक पहुंचा था, जो दस साल का कम पारा का रिकार्ड है।

- वर्ष 2022 में 13 डिग्री सेल्सियस का रिकार्ड अभी भी कायम

नवंबर के तीसरे सप्ताह में इस बार राज्य में अच्छी ठंड पड़ी है। सरगुजा संभाग में तो शीतलहर के हालात बन गए थे और तापमान छह से आठ डिग्री तक जा पहुंचा था, रायपुर में ठंड का प्रभाव महसूस हुआ। मौसम विभाग के विशेषज्ञों के अनुसार पिछले चौबीस घंटे में रायपुर का न्यूनतम तापमान 14.9 डिग्री दर्ज किया गया है, जो इस माह का न्यूनतम तापमान है। आने वाले दिनों में पारा नीचे जाने के बजाए ऊपर की ओर खिसकेगा। आंकड़ों की मानें, तो वर्ष 2022 में 27 नवंबर को तापमान 13 डिग्री दर्ज किया गया था, जो पिछले दस साल में सबसे कम है। विशेषज्ञों का तर्क है, इस बार ठंड का प्रभाव सामान्य से अधिक रहने की संभावना है, जिसका असर नवंबर में ही दिखाई दे रहा है।

माह के चौथे सप्ताह में रात के तापमान में थोड़ी बढ़ोतरी होने के आसार हैं, क्योंकि आने वाली पूर्व की हवा अपने साथ समुद्री नमी लेकर आएगी। इसके बाद दिसंबर की शुरुआत में पुनः ठंड की वापसी होगी, जिसका असर नवंबर की तुलना में ज्यादा रहेगा।



### हल्के बादल से पारा कम

पूर्वी हवा के प्रभाव से दिन में हल्के बादल छा गए हैं, जिसकी वजह से दिन का अधिकतम तापमान भी सामान्य स्थिति में आ गया है। धूप का असर कम होने की वजह से दिन में भी गर्मी महसूस नहीं हुई। पिछले चौबीस घंटे में रायपुर समेत प्रदेश के तमाम प्रमुख शहरों में दिन के पारा में गिरावट दर्ज की गई है। अनुमान है कि 26 के बाद रात में गर्मी बढ़ने और दिन में बादल रहने की वजह से तीन से चार दिनों तक राहत रहने के आसार हैं।

## पेज 11 के शेष ...

### एसएसपी ने कहा- बदले...

घटना को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी डॉ. संतोष सिंह थानों में वर्षों से जमे पुलिसकर्मियों को पुलिस लाइन भेजने के साथ अन्य थानों में तबादला करने की तैयारी में जुट गए हैं। एसएसपी के मुताबिक जल्द ही थानों में बड़ी सर्जरी की जाएगी। थानों में लंबे अरसे से जमे पुलिसकर्मियों की सूची तैयार कर ली गई है। आचार संहिता समाप्त होने के बाद पुलिसकर्मियों का तबादला आदेश जारी किया जाएगा।

**मैसेज देने तबादला जरूरी** : थानों में वर्षों से जमे पुलिसकर्मियों का तबादला करने से पुलिसिंग में कसावट आने के साथ पुलिसकर्मियों के बीच मैसेज जाएगा। इसी तरह से एसएसपी के निर्देश पर आने वाले दिनों में थानों की पेट्रोलिंग टीम का भी तबादला आदेश जारी करने की तैयारी है।

### गौरभाट रेत घाट नीलामी...

कर घाट की नीलामी के लिए बोली लगवाई थी, जिसका विडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ था। इस विडियो की पुष्टि करने के लिए हरिभूमि की टीम ने गांव पहुंचकर घाट नीलामी की वास्तविकता को जानने ग्रामीणों से बात की थी। इस बातचीत में ग्रामीणों ने नीलामी की खबर को सही बताया था।

ग्रामीणों ने बताया था कि सरपंच एवं पंचों की मौजूदगी में इस घाट की नीलामी 1 करोड़ 4 लाख रुपए में की गई है। 6 महीने के लिए इस घाट को ठेके पर दिया गया है। इसके बदले एडवांस के रूप में ठेकेदार भोलू चंद्राकर निवासी ग्राम छटेरा से 50 हजार रुपए पंचायत में जमा भी कराया गया है। ग्रामीणों ने यह भी बताया था कि गांव के विकास के लिए पूरे गांव ने मिलकर घाट को नीलामी करने का फैसला किया था। इस नीलामी से मिलने वाली राशि से गांव में विकास कार्य किए जाएंगे।

**जांच में सरपंच की भागीदारी साबित हुई तो केस होगा दर्ज** : इस मामले की जांच कर रही तहसीलदार का कहना है कि इस नीलामी में सरपंच की भागीदारी है या नहीं, इसकी जांच की जा रही है। जांच में भागीदारी पायी गई, तो सरपंच के विरुद्ध भी धारा 40 के तहत केस दर्ज किए जाने का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि अभी जांच की जा रही है। जांच की रिपोर्ट आने पर ही इस मामले में कुछ कहा जा सकता है।




खबर संक्षेप

## मरीजों के परिजनों को निशुल्क भोजन वितरित



**रायपुर।** अवाम-ए-हिंद सोशल वेलफेयर कमेटी निर्धन, असहाय, जरूरतमंदों के प्रति अपने नैतिक जिम्मेदारी व दायित्वों के निर्वहन में 28 वर्षों से निरंतर कार्य करती आ रही है। इसी कड़ी में शनिवार को संस्थापक मो. सज्जाद खान अपनी टीम और सहयोगकर्ताओं के साथ संचालित सुपोषण अभियान के तहत निशुल्क भोजन सेवा कार्य के सफलतापूर्वक 1700 दिन पूर्ण कर निर्धन, जरूरतमंदों तथा शासकीय डीकेएस, आंबेडकर अस्पताल में मरीजों के परिजनों को निशुल्क भोजन एवं मौसमी फल (सेब, केला, मौसंबी) का वितरण कर अपने दायित्वों का निर्वहन किया। इस मौके पर संस्थापक मो. सज्जाद खान ने बताया कि इस कार्यक्रम में राजेंद्र शर्मा, सैय्यद जाकिर हुसैन, पं. अनिल शुक्ल, महावीर जैन, जुबैर खान, बलराम कश्यप, प्रीति जैन, राजकुमार साहू, मनोज, वसीम अकरम, मोतीचंद जैन, आशीष गढ़ेवाल, कुलविंदर सिंह एवं अन्य सदस्यों द्वारा इस मानवीय कार्य में सहयोग प्रदान किया गया।

## छत्तीसगढ़ संयुक्त किसान मोर्चा की बैठक

**रायपुर।** ठाकुर प्यारेलाल सिंह मार्ग हांडीपारा स्थित छत्तीसगढ़ी भवन में शनिवार को राज्य आंदोलनकारी छत्तीसगढ़ संयुक्त किसान मोर्चा के संयुक्त तत्वावधान में बैठक हुई। बैठक शहीद वीरनारायण सिंह की प्रतिमा लगवाने वाले राज्य आंदोलनकारियों द्वारा शहादत स्थल जयस्तंभ चौक पर चतुर्थ बलिदान दिवस 10 दिसंबर को मनाने का निर्णय लिया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर 1 बजे से होगा। साथ ही प्रसिद्ध पंडवानी कलाकार चेतन देवांगन का शहीद वीरनारायण सिंह के वीरगाथा पर आधारित पंडवानी कार्यक्रम होगा। साथ ही बुद्धिजीवियों द्वारा शहीद वीरनारायण सिंह की वीरता, शौर्य गाथा पर संगोष्ठी भी होगी। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आयोजन समिति का गठन किया गया है, जिसके अध्यक्ष एवं प्रभारी राज्य आंदोलनकारी छसपा किसान मोर्चा के अध्यक्ष अनिल दुबे हैं। बैठक में जीपी चंद्राकर, दीनदयाल वर्मा, जागेश्वर प्रसाद, लालाराम वर्मा, चेतन देवांगन, वेगेंद्र सोनवेर, गोवर्धन वर्मा, अशोक कश्यप, श्यामू राम सेन, चंद्रप्रकाश साहू, विमल ताम्रकार प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## उत्तमा को पीएचडी

**रायपुर।** कलिंगा यूनिवर्सिटी ने भनपुरी निवासी उत्तमा शर्मा को पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उनके शोध का विषय बायोटेक्नोलॉजी विषय के सर्पगंधा (राउवोल्फिया सर्पेंटिना) के फाइटोकेमिकल और जैव प्रौद्योगिकी मूल्यांकन का एक अध्ययन था। उन्होंने अपना शोधकार्य कलिंगा यूनिवर्सिटी के एसोसिएट प्रोफेसर और एचओडी डॉ. सुषमा दुबे के निर्देशन में पूर्ण किया।



## सप्रे शाला हॉल में श्रद्धांजलि सभा आज

**रायपुर।** बूढ़ापारा स्थित सप्रे शाला हॉल में 24 नवंबर को शाम 4 बजे श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाएगा। यह सभा वरिष्ठ पत्रकार व रायपुर प्रेस क्लब के संस्थापक सदस्य रहे स्व. गोपाल वोरा की स्मृति में होगी। यह कार्यक्रम रायपुर प्रेस क्लब, भारती श्रमजीवी पत्रकार संघ, इंडियन जर्नलिस्ट यूनियन व रायपुर पुष्टिकर ब्राह्मण समाज द्वारा किया जाएगा। इस कार्यक्रम में 50 वर्षों से अधिक लगातार एक पत्रकार के रूप में पत्रकारिता को जीने वाले स्व. गोपाल वोरा को सभी मिलकर अपने शब्दों से श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

# आमानाका और पंडरी में नया बस डिपो बनाने सिविल वर्क का टेंडर जल्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानीवासियों को ई बस की सवारी के लिए अभी और इंतजार करना होगा। केन्द्र सरकार ने पीएम बस योजना के तहत छत्तीसगढ़ को 240 बसों को मंजूरी दी है। इनमें से 100 बसें रायपुर को मिलेंगी, जो पूरी तरह ईको फ्रेंडली होगी। ई बस खरीदी के लिए एजेंसी तय करने केन्द्र सरकार ने ऑनलाइन टेंडर किया है। 29 नवंबर को इसकी अंतिम तिथि है, इसके बाद केन्द्र शासन एजेंसी तय कर ई बस निर्माण के लिए वर्कआर्डर जारी कर सकता है। इधर रायपुर नगर निगम शहर को मिलने वाली 100 ई बसों के लिए पंडरी और आमानाका में नए बस डिपो बनाएगा। सिविल वर्क के लिए निगम मुख्यालय से जल्द टेंडर होगा।

केन्द्र सरकार की ओर से छत्तीसगढ़ के लिए 240 ई बस उपलब्ध कराई जाएगी। पीएम ई बस योजना के तहत दुर्ग-भिलाई के लिए 50, बिलासपुर के लिए 50, कोरबा 40 ई बस और रायपुर के लिए 100 ई बसें मिलेगी। इन बसों के लिए शहर में 2 नए बस डिपो बनाया जाएगा। नगर निगम के कार्यपालन अभियंता प्रदीप यादव ने बताया कि आमानाका के सिटी बस डिपो में 60 और पंडरी के बस डिपो में 40 ई बसों के रखने की व्यवस्था रहेगी। चार्जिंग पाइंट की सुविधा केवल आमानाका डिपो में रहेगी।

**आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा नया बस डिपो :** निगम के अधिकारियों का कहना है कि नए बस डिपो को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा। इसमें बसों के चार्जिंग स्टेशन के साथ यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रतीक्षालय सहित अन्य तरह की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। केन्द्र से 100 ई बस मिलने से पूर्व नगर निगम नए रूट का सर्वे कराएगा। वर्तमान में सिटी बसों का संचालन 16 अलग-अलग रूटो पर किया जा रहा है।

### आमानाका में 60 और पंडरी में 40 बस को रखने की व्यवस्था बनेगी



### 10 एसी बस स्टॉप बनेंगे, 5 साल पहले बनवाए गए 10 एसी बस स्टॉप का उपयोग नहीं

महापौर एजाज ढेबर की परिषद ने एमआईसी की बैठक में शहर के प्रमुख सड़क किनारे 10 एसी बस स्टाप बनाने के प्रस्ताव को पहले ही मंजूरी दे रखी है। इसका रखरखाव विज्ञापन होर्डिंग्स की शर्त पर होगा। पीएम ई बस योजना के तहत शहर को 100 ई बस मिलना प्रस्तावित है, इसे देखते हुए 10 एसी बस स्टॉप बनाने अनुबंध कर एजेंसी तय कर ली गई है। वहीं नगर निगम द्वारा पूर्व में 1 करोड़ खर्च कर बनवाए गए 10 एसी बस स्टाप कबाड़ होने लगे हैं। इनमें से अधिकतर बस स्टाप की छत उखड़ गई है, कुछ के पाइप चोरी हो गए। साइज इतनी कम रखी गई है कि 6 लोग भी एक साथ उस स्टाप पर नहीं बैठ सकते। महिलाओं के लिए अलग से कुर्सी या प्राइवेसी की भी व्यवस्था नहीं है। मेकाहारा, देवेन्द्र नगर के नमस्ते चौक सहित अन्य जगहों पर बनाए गए एसी बस स्टाप ऐसे हैं, जहां सिटी बस रुकती नहीं।

### नगर निगम, लोक निर्माण विभाग ने अब तक नहीं ली सुध

# वीआईपी इलाके की सड़कें चकाचक आउटर इलाके में उड़ रहा धूल का गुबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के रिहाइशी इलाके सहित आउटर की दर्जनभर से ज्यादा सड़कों के मरम्मत नहीं होने से सड़क पर उड़ते धूल के गुबार ने लोगों को बेचैन कर दिया है। साइकिल चालक से लेकर दोपहिया व तिपहिया चालक और पैदल चलने वाले इस मार्ग से किसी तरह अपने गंतव्य तक पहुंचने विवश हैं। लभांडी बस्ती पहुंच मार्ग, जोरा, भाठागांव, बोरियाखुर्द बस्ती और अटारी बस्ती वाले मार्ग की कमोबेश यही स्थिति है। वहीं तेलीबांधा के मरीन ड्राइव से मैग्नेटो मॉल होते हुए वीआईपी इलाके को जोड़ने वाली सड़क चकाचक है। वहां वीआईपी की सुविधा का ध्यान रखने नगर निगम से लेकर अन्य निर्माण एजेंसी सड़क डामरीकरण करने में देर नहीं करती।

- प्रस्ताव के बाद भी काम में सुस्ती





**केस 1**

**लभांडी की सड़क पर धूल की भरमार**

*नगर निगम जोन 9 क्षेत्र में शामिल लभांडी इलाके की सड़क पर धूल इतनी ज्यादा है कि मुंह में कपड़ा बांधे बिना लोग इस मार्ग से गुजर नहीं सकते। सीधे लोगों की आंख व मुंह में धूल व मिट्टी घुसने का खतरा बना रहता है। भीड़ वाले मार्ग की सफाई से लेकर सड़क मरम्मत की ओर निगम प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा है। तेज रफ्तार वाहन के आने-जाने से पैदल चालक, साइकिल वाले और दोपहिया चालक खासे परेशान रहते हैं।*

**केस 2**

**बोरियाखुर्द बस्ती के बजरंग चौक से साहड़ा देव मार्ग वाली सड़क**

*कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड स्थित बोरियाखुर्द बस्ती के रहवासी इलाके की सड़क खस्ताहाल है। बजरंग चौक से साहड़ा देव चौक तक की सड़क मरम्मत का प्रस्ताव दिया गया है, पर सड़क मरम्मत का काम अब तक शुरू नहीं हुआ। इसी तरह वीर सावरकर वार्ड में 20 साल पुरानी कंक्रीट की सड़क की लंबे अरसे से मरम्मत नहीं होने से कंक्रीट पूरी तरह उखड़ गया है। लोगों का कहना है कि बारिश के समय यहां 3 फीट तक गंदा पानी भर जाता है। हीरापुर में ज्ञान भारती स्कूल के पीछे वाली सड़क खस्ताहाल होने से हीरापुर बस्ती और हाउसिंग बोर्ड कालोनी के रहवासी त्रस्त हैं। लोक निर्माण विभाग ने सड़क मरम्मत के लिए टेंडर लगाया है।*

**केस 3**


**देवेन्द्र नगर की सेक्टर 2 की सड़क**

*शहीद हेमू कालाणी वार्ड स्थित देवेन्द्र नगर सेक्टर 2 इलाके में गुजराती स्कूल से मुख्य मार्ग तक की सड़क पर डामर की परत उखड़ गई है। जोन 2 कमिश्नरी ने सीसी रोड पर पेचवर्क कराने काम शुरू कराया, पर खस्ताहाल सड़क की दशा नहीं सुधर पाई। इसी तरह देवेन्द्र नगर की अलग-अलग 16 सड़कों की मरम्मत के लिए लोक निर्माण विभाग ने नगर निगम से एनओसी मांगी है। जोन अध्यक्ष बंटी होरा ने बताया कि जोन से इसकी एनओसी दे दी गई है। जल्द ही सड़क मरम्मत का काम प्रारंभ होगा।*

# पंजाब का युवक चेन स्नैचिंग करने के आरोप में गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर





राजेंद्र नगर, कोतवाली तथा तेलीबांधा थाना क्षेत्र में तीन चेन स्नैचिंग की घटना को अंजाम देने के आरोप में पुलिस ने पंजाब के एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चेन स्नैचिंग करने के आरोप में जिस युवक को गिरफ्तार किया है, उसने तीनों स्नैचिंग की घटना एक्टिवा से की थी। घटना करने के समय दोपहिया की नंबर प्लेट ट्रेस न हो, इसके लिए आरोपी नंबर प्लेट को मिट्टी से पोत देता था।

- पुलिस गिरफ्त में आए बदमाश ने तीन चेन स्नैचिंग की घटना को अंजाम दिया था
- युवक पंजाब में पूर्व में एनडीपीएस के आरोप में जेल जा चुका है

पुलिस के मुताबिक अमृतसर निवासी मनप्रीत सिंह मान को चेन स्नैचिंग करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। मनप्रीत ने 28 अक्टूबर को एक ही दिन में राजेंद्र नगर तथा कोतवाली थाना क्षेत्र में दो चेन स्नैचिंग की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस के अनुसार घटना को अंजाम देने के बाद मनप्रीत पंजाब लौट जाता था। पुलिस मनप्रीत को अमृतसर से गिरफ्तार कर रायपुर लाई है। पुलिस के अनुसार मनप्रीत पूर्व में पंजाब में नारकोटिक्स एक्ट के तहत जेल जा चुका है। मनप्रीत रायपुर में अपने परिचित के यहां आकर रुकता था।

# वेतन विसंगति मुद्दे पर सहायक शिक्षक कल निकालेंगे पैदल मार्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर करने, क्रमोन्नत वेतनमान देने, प्रथम नियुक्ति तिथि से पूर्व सेवा की गणना कर पूर्ण पुरानी पेंशन देने की मांग को लेकर शिक्षक संघर्ष मोर्चा के पदाधिकारी 25 नवंबर को पैदल मार्च कर मंत्रालय में ज्ञापन सौंपेंगे। कार्यक्रम में शिक्षक मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष व ब्लाक अध्यक्ष शामिल होंगे।

- शिक्षक संघर्ष मोर्चा के पदाधिकारी मंत्रालय में सौंपेंगे ज्ञापन
- जिलाध्यक्ष, ब्लाक अध्यक्ष पैदल मार्च में होंगे शामिल

दरअसल, छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के बैनर में शिक्षकों के 4 बड़े संगठनों ने मिलकर शिक्षक संघर्ष मोर्चा का गठन किया है। इसके द्वारा चरणबद्ध आंदोलन किया जा रहा है। शिक्षक मोर्चा के प्रदेश संयोजक मनीष मिश्रा, संजय शर्मा, विकास राजपूत, वीरेन्द्र दुबे, चंद्रशेखर तिवारी ने संयुक्त रूप से बताया कि एलबी संवर्ग के शिक्षक मोदी की गारंटी को अब तक लागू नहीं किए जाने से नाराज हैं। प्रदेश भाजपा के घोषणापत्र में सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर करने, क्रमोन्नत वेतनमान देने का वादा किया गया है, इसके साथ ही प्रथम नियुक्ति तिथि से पूर्व सेवा गणना कर पुरानी पेंशन देने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया जा रहा है।

मनीष मिश्रा ने बताया कि 25 नवंबर को शिक्षक मोर्चा के पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष व ब्लाक अध्यक्ष दोपहर 1 बजे इंद्रावती भवन से महानदी भवन तक पैदल मार्च कर मंत्रालय में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, मुख्य सचिव, शिक्षा सचिव और वित्त सचिव को अपनी मांगों के संबंध में ज्ञापन सौंपेंगे।

### आज आयोजित होगी परीक्षा

# डीके अस्पताल में फिजियोथैरेपिस्ट के चार पद, नौकरी के लिए आवेदन आए 163

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




विशेषज्ञों के अभाव में दूसरे कर्मचारियों से मरीजों की फिजियोथैरेपी कराने पर हल्ला मचने के बाद डीके अस्पताल प्रबंधन ने फिजियोथैरेपिस्ट की भर्ती प्रक्रिया शुरू की है। संविदा आधार पर चार पदों की भर्ती के लिए 163 लोगों ने आवेदन किया है। भर्ती परीक्षा रविवार को सुबह 11 बजे आयोजित की गई है।

जानकारी के अनुसार पूर्व में आरक्षण का पेंच होने की वजह से काम करने वाले फिजियोथैरेपिस्टों की संविदा नहीं बढ़ाई जा सकी थी। इस बीच आने वाले मरीजों को राहत देने के लिए स्थानीय कर्मचारियों से काम लिया जा रहा था जिस पर काफी बवाल हुआ था। इसे लेकर अस्पताल प्रबंधन के कामकाज पर भी उंगली उठाई जा रही थी। विवाद की स्थिति से बचने के लिए अस्पताल प्रबंधन द्वारा फिजियोथैरेपिस्ट के चार पद जिसमें दो सामान्य तथा एक ओबीसी और एक एसटी पदों पर भर्ती के लिए आवेदन मंगाया गया था। इन चार पदों के लिए 163 लोगों ने आवेदन किया है, जिनके चयन के लिए रविवार को लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया है।

### न्यूरोलॉजी विभाग में बेहद जरूरत

जानकारी के अनुसार डीके अस्पताल में संचालित न्यूरोलॉजी विभाग के मरीजों को काफी संख्या में फिजियोथैरेपी की आवश्यकता पड़ती है। खासकर ब्रेन हेमरेज अथवा पैरालिसिस के मरीजों के उपचार के प्रोटोकॉल में फिजियोथैरेपी को शामिल किया गया है। अस्पताल के न्यूरोलॉजी विभाग में काफी संख्या में मरीज इलाज के लिए भर्ती रहते हैं।

# दो अलग-अलग सूने मकान में चोरों ने कैश, जेवर सहित 10 लाख के माल पर किया हाथ साफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



राजेंद्र नगर तथा आजाद चौक थाना क्षेत्र में चोरों ने दो सूने मकानों में दबिश देकर 10 लाख रुपए कैश सहित 10 लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवर पर हाथ साफ कर दिया। चोरों ने राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में जिस एयरपोर्ट कर्मी के यहां चोरी की है, वहां से सीसीटीवी कैमरा तथा डीवीआर चोरी कर साथ ले गए हैं। आसपास के घरों में सीसीटीवी कैमरा नहीं होने की वजह से चोरों के बारे में पतासाजी करने में पुलिस को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

- घटना राजेंद्र नगर तथा आजाद चौक थाना क्षेत्र की
- जिनके यहां चोरी हुई उनमें एक एयरपोर्ट कर्मी, दूसरा सेवानिवृत्त बैंक अधिकारी

पुलिस के मुताबिक अमलीडीह पियूष कालोनी निवासी पुरानिक प्रसाद सोनवानी ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। पुरानिक ने पुलिस को बताया है कि वह शुक्रवार सुबह साढ़े नौ बजे घर का दरवाजा बंद कर एयरपोर्ट चला गया, पत्नी ऑफिस तथा बच्चे स्कूल चले गए। दोपहर दो बजे पुरानिक की बेटी स्कूल से घर लौटी तो उसने देखा, घर के मेन गेट का ताला टूटा हुआ है। घर के सामान के साथ अलमारी खुली हुई थी। चोरों ने अलमारी में रखी नकदी सहित तीन लाख रुपए से ज्यादा के जेवर पर हाथ साफ कर दिया था।

### बेटी से मिलने गई मां के घर चोरी

आजाद चौक थाने में समता कालोनी निवासी सेवानिवृत्त बैंक कर्मी गोपाल शरण उपाध्याय ने अज्ञात चोर के खिलाफ नकदी दो लाख सहित छह से सात लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले जाने की शिकायत दर्ज कराई है। गोपाल शरण ने पुलिस को बताया है कि वह धार्मिक यात्रा पर गया था। इस वजह से उसकी पत्नी गुरुवार शाम के समय घर को लॉक कर वीआईपी रोड स्थित अपनी बेटी के यहां चली गई। शुक्रवार को गोपाल शरण और उनकी पत्नी घर लौटे तो देखा, अज्ञात चोर घर का दरवाजा तोड़ कर अलमारी तथा लॉकर खोल नकदी तथा जेवर चोरी कर ले गए हैं।

# दुकान का ताला तोड़कर 40 हजार की चोरी

**रायपुर।** डीडीनगर थाने में एक जनरल स्टोर्स के संचालक ने अज्ञात के खिलाफ दुकान का ताला तोड़कर नकदी पांच हजार रुपए सहित दुकान से सिगरेट, कोलड्रिंक सहित 40 हजार रुपए के सामान चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, संदीप कुमार चीचड़ ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। संदीप ने पुलिस को बताया कि चंगोराभाठा स्थित उसके दुकान का ताला तोड़ अज्ञात चोर नकदी सहित सामान चोरी कर ले गया।

## बिजनेस साइट

# रायपुर में प्रसूति एवं स्त्रीरोग विशेषज्ञों की राज्य स्तरीय कांफ्रेंस



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की प्रसूति एवं स्त्रीरोग विशेषज्ञों की राज्य स्तरीय कांफ्रेंस का आयोजन 23 और 24 नवंबर को रायपुर स्थित कोर्टयार्ड बाय मेरियट होटल में किया जा रहा है। इस दो दिवसीय कांफ्रेंस में लगभग 200 स्त्रीरोग विशेषज्ञ भाग लेंगे। यह आयोजन रायपुर आब्स्टेट्रिक्स एंड गायनिक सोसायटी द्वारा किया गया है, जिसमें प्रमुख हस्तियों का योगदान होगा। सोसायटी की संरक्षक डॉ. आभा सिंह ने बताया कि इस कांफ्रेंस में प्रसूति और स्त्रीरोग से संबंधित नवीनतम शोधों और उपचार विधियों पर चर्चा की जाएगी। इस कांफ्रेंस में उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था की देखभाल और आधुनिक तकनीकों, जैसे कि सीटीजी और फिटल मेडिसिन पर वर्कशॉप भी आयोजित की जाएगी। इसके अलावा, 30 शोधपत्र प्रस्तुत किए जाएंगे, जिनमें से दो उत्कृष्ट शोधपत्रों को डॉ. शोभा शर्मा को स्मृति गोल्ड और सिल्वर अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा।

# रोटरी क्लब ऑफ़ रायपुर की इंटर स्कूल स्पोर्ट्स मीट, 30 से अधिक स्कूलों ने लिया भाग

**रायपुर।** रोटरी क्लब ऑफ रायपुर ने 22 से 24 नवंबर तक एक इंटरस्कूल स्पोर्ट्स मीट का आयोजन किया। इस स्पर्धा का उद्देश्य स्कूली विद्यार्थियों को खेलकूद के महत्व से परिचित कराना और उनकी शारीरिक और मानसिक फिटनेस को बढ़ावा देना था। इस इवेंट में रायपुर के 30 से अधिक स्कूलों के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

रोटरी क्लब ने वेंकटेश्वर सिग्नेचर स्कूल और कोलंबिया ग्लोबल स्कूल के सहयोग से यह आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन कोलंबिया ग्लोबल स्कूल में हुआ, जिसमें रोटरी क्लब के सदस्य रोटेरियन पंकज चोपड़ा, डॉ. सौम्या रघुबीर, संकल्प वरवंडकर और ऋषभ सोनी ने स्वागत भाषण दिया। रोटेरियन हरजीत हूरा और किशोर जादवानी ने भी अपने प्रेरणादायक भाषण से विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम की समापन सेरेमनी 24 नवंबर को वेंकटेश्वर सिग्नेचर स्कूल में आयोजित होगी, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि सुनील कुमार जैन उपस्थित रहेंगे।

# बड़ौदा किसान पखवाड़ा-2024 के तहत किसान मेला



**रायपुर।** बैंक ऑफ बड़ौदा के रायपुर क्षेत्रीय कार्यालय ने ग्रामीण क्षेत्रों की आर्थिक प्रगति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बड़ौदा किसान पखवाड़ा का 11 से 22 नवंबर तक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों, ज्ञान श्रृंखलाओं और अभिनंदन कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। इस राष्ट्रीय स्तर की पहल का समापन 22 नवंबर को हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में किसान लाभान्वित हुए। मुख्य कार्यक्रम के अंतर्गत तिल्दा विकासखंड में एक विशाल किसान मेला आयोजित किया गया। इस मेले में किसान चौपाल, पशु और किसानों के लिए स्वास्थ्य शिविर एवं अन्य विशेष गतिविधियां आयोजित की गईं। बैंक ऑफ बड़ौदा के उप महाप्रबंधक भरतकुमार चावड़ा ने किसानों को फसल बीमा, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं और डिजिटल बैंकिंग के महत्व के बारे में जानकारी दी। वहीं क्षेत्रीय प्रमुख किसलय प्रसाद ने किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों और उत्पादों के मूल्य संवर्धन के बारे में जानकारी दी।



02

देश की इकोनॉमी 23 साल में होगी....

## लाइव इवेंट

# 'विकसित भारत चैलेंज' युवाओं को सशक्त बनाने होगी पहल



**रायपुर।** 'विकसित भारत यंग लीडर्स डाइअलॉग 'विकसित भारत युवा नेता संवाद' की कड़ी में अब 'विकसित भारत चैलेंज' का शुभारंभ होने जा रहा है। यह पहल राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2025 का हिस्सा है। इसका उद्देश्य युवाओं को भारत के विकास के लिए विचारों और प्रतिभा को प्रस्तुत करने का अवसर देना है। इसमें प्रतिभागी बनने के लिए 15 से 29 वर्ष के युवाओं को माय भारत पोर्टल पर 25 नवंबर से 5 दिसंबर तक पंजीयन कराना होगा। नेहरू युवा केंद्र संगठन के जिला युवा अधिकारी अर्पित तिवारी ने यह जानकारी शनिवार को पत्रकार वार्ता में दी। बताया कि यह चैलेंज एक प्रतियोगिता नहीं है, बल्कि युवाओं के लिए एक मंच है। जहां वे विचार साझा करते हुए भारत के निर्माण में योगदान भी दे सकते हैं। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत को साकार करने की दिशा में अहम कदम है।

### 5 दिसंबर से शुरू होगी प्रतियोगिता

कोच कुशल चंद्र त्रिपाठी ने बताया कि "यह प्रतियोगिता युवाओं को स्थानीय स्तर से राष्ट्रीय स्तर तक अपनी क्षमता को प्रदर्शित करने का अवसर देगा। यह उन्हें राष्ट्र निर्माण में एक सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करेगा। इसमें पंजीकृत युवा 5 से 10 दिसंबर तक पहले चरण में माय भारत प्लेटफॉर्म पर भारत के विकास से जुड़े विषयों पर आधारित प्रश्नों का उत्तर देंगे। दूसरे चरण में निबंध, ब्लॉग लेखन प्रतियोगिता 12 से 20 दिसंबर तक होगी। इसमें विजेता 'टेक फॉर विकसित भारत' एवं 'युवाओं को सशक्त बनाना विकसित भारत के लिए' जैसे विषयों पर निबंध लिखेंगे।

### राष्ट्रीय युवा महोत्सव में लेंगे भाग

श्री तिवारी ने बताया कि तीसरे चरण में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता होगी। इसमें सिर्फ विजेता ही भाग लेंगे। यह प्रतियोगिता 3 से 5 जनवरी तक होगी। वही राष्ट्रीय चैम्पियनशिप चौथे चरण में होगी। इसमें भी विजेताओं को 11-12 जनवरी को विजेता टीम के रूप नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित राष्ट्रीय युवा महोत्सव में भाग लेने के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने प्रस्तुति देने का अवसर मिलेगा। प्रतिभागियों को खेल, सिनेमा, उद्योग और उद्यमिता के क्षेत्र में प्रतिष्ठित लोगों से बात करने का अवसर मिलेगा।

## 30 शोधकर्ताओं द्वारा पत्रों की प्रस्तुति एवं सीटीजी उपकरण तथा फिटल मेडिसिन पर व्याख्यान

# प्रेग्नेंसी में बीपी व मोटापे की समस्या से बच्चों पर बुरा असर, अब तकनीक से भ्रूण की हृदय गति का आकलन

*शहर स्थित निजी होटल में प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया। दो दिवसीय कार्यशाला में स्त्रीरोग एवं गर्भवस्था के दौरान नई तकनीक एवं उपचार पर चर्चा की गई। इस अवसर पर विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा व्याख्यान का आयोजन किया गया, इसमें उपचार संबंधित जानकारी साझा की गई। आयोजन में धमतरी, दुर्ग, भिलाई, बिलासपुर, रायगढ़ जैसे अनेक शहरों से 200 से अधिक विशेषज्ञ उपस्थित रहे।*





**रायपुर।** आब्स्टेट्रिक्स एंड गायनिक सोसायटी द्वारा दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान सोसायटी की अध्यक्ष मोनिका पाठक ने बताया, कांफ्रेंस में प्रसूति एवं स्त्री रोग संबंधित नवीनतम शोध पर चर्चा की गई है। जहां बतौर मुख्य व्याख्याता मुंबई से डॉ. पीके शाह, डॉ. चारमिला अय्यावरु त्रिची, डॉ. जयम कानन त्रिची, डॉ. प्रतीक तांबे, हैदराबाद से डॉ. लक्ष्मी शैलजा, डॉ. वाय. सुभाषिनी, बेंगलुरु से डॉ. देविका गुनशिला उपस्थित रहे। कार्यशाला में 30 शोधपत्रों की प्रस्तुति की जानी है, पहले दिन सभी चिकित्सकों का व्याख्यान रहा। वहीं दूसरे दिन शोधकर्ता द्वारा सुबह से देर शाम तक शोधपत्रों की प्रस्तुति एवं चर्चा की जाएगी। इस अवसर पर मुख्य रूप से सीटीजी उपकरण और फिटल मेडिसिन पर व्याख्यान किया गया, जिसका उपयोग एवं आधुनिकता में महिलाओं को प्रसूति के दौरान विभिन्न फायदे पर चर्चा की गई। आयोजन समिति से डॉ. तृप्ति नागरिया, डॉ. तबस्सुम दल्ला, डॉ. सुषमा वर्मा, डॉ. विनया मायस्कर उपस्थित रहीं।

### कार्डियोटोकोग्राफ उपकरण से उपचार सरल



डॉ. सुभाषिनी ने कहा, नई तकनीकों के साथ इलाज सरल हो गया है। गर्भावस्था के दौरान शिशु संबंधित जानकारी के लिए कार्डियोटोकोग्राफ उपकरण का निर्माण किया गया है, जिसका प्रयोग प्रसव से पहले और प्रसव के दौरान भ्रूण की निगरानी के लिए किया जाता है। यह भ्रूण की हृदय गति और गर्भाशय के संकुचन को रिकॉर्ड करता है, सीटीजी से भ्रूण की हृदय गति की लय, परिवर्तनशीलता, त्वरण, मंदी और अल्पकालिक भिन्नता का आकलन किया जाता है।

### गर्भवस्था में बीपी, सुगर व मोटापा



डॉ. लक्ष्मी शैलजा, ने कहा, वर्तमान में प्रेग्नेंसी की एज अधिक होना महिलाओं के लिए चुनौतीपूर्ण है। अधिक उम्र होने के कारण महिलाओं को बीपी, सुगर और मोटापा तीन सबसे बड़ी समस्या देखने को मिल रही है। वर्तमान में महिलाओं की उम्र अधिक होने के कारण उन्हें प्रेग्नेंट होने में सबसे अधिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, जिसके बाद प्रेग्नेंसी में बीपी, सुगर, मोटापा, बच्चे में इंफेक्शन, तनाव, लापरवाही से बच्चे पर बुरा असर देखने को मिलता है।

### कामकाजी महिलाओं में प्रेग्नेंसी एक चुनौती



डॉ. प्रतीक तांबे ने कहा, वर्किंग महिलाओं के लिए प्रेग्नेंसी चुनौती से भरी है। इन महिलाओं में अधिक उम्र से शादी, डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन, ओबेसिटी की समस्या देखने को मिलती है। इन समस्याओं से निपटने के लिए चिकित्सकों से सलाह, अस्पताल में पूर्व रजिस्ट्रेशन और खानपान में देखरेख की आवश्यकता होती है। काम के तनाव का असर महिला के साथ भ्रूण में भी देखने को मिलता है, जिससे उसके विकास दिक्कत हो सकती है।

### गर्भवस्था में ग्रामीण महिलाओं को अधिक समस्या




डॉ. आशा जैन ने कहा, गर्भवती महिलाओं के लिए सरकार द्वारा नई तकनीक व दवाई तैयार की गई है। इसमें अल्ट्रासाउंड सबसे फायदेमंद उपकरणों में एक है, जिसके जरिए गर्भ के अंदरूनी हिस्सों की तस्वीरें बनाई जाती हैं। प्रेग्नेंसी के दौरान शहरी महिलाओं के मुकाबले ग्रामीण महिलाओं में अधिक समस्या देखने को मिलती है। ग्रामीण महिलाओं को पूर्ण रूप से पोषकतत्व नहीं मिलते, जिसके कारण गर्भ में शिशु के विकास में अक्सर कमी पाई जाती है। इसके साथ ही ग्रामीण महिलाओं के पास खून जांच, बीपी जांच, अल्ट्रा साउंड, थैलेसीमिया एवं आयरन की कमी देखी गई है।

### प्रेग्नेंसी में महिलाओं को पीसीओएस



डॉ.पीके शाह ने बताया, दो दिवसीय कार्यशाला में सीटीजी उपकरण की जानकारी दी गई। साथ ही नवीन तकनीकों एवं इलाज के विषय पर चर्चा की गई। बीते 5-10 सालों में 5 मुख्य समस्या महिलाओं में देखी जा रही है। पहला अधिक तनाव, दूसरा खान-पान, तीसरा कामकाजी महिलाओं को शारीरिक कमजोरी, चौथा फास्ट फूड में पोषक तत्व नाहोना, पांचवा पीसीओएस की समस्या लगातार बढ़ते जाना।

### अबॉर्शन दर में बढ़ोतरी



.डॉ. आशा सिंग ने बताया, कोविड के बाद से महिलाओं के मासिक धर्म में उतार-चढ़ाव देखने को मिला है, जिसका प्रभाव महिलाओं की प्रेग्नेंसी पर ही देखने को मिल रहा है। वर्तमान में महिलाओं में अबॉर्शन जैसी समस्या देखने को मिल रही है। इस कारण पीसीओ, ओबेसिटी, डायबिटीज, थायराइड, हारमोंस अनबैलेंस देखने को मिल रहा है।

## सिटी इवेंट

# संविधान दिवस पर स्कूल-कॉलेजों में प्रश्नोत्तरी, वाद-विवाद, भाषण स्पर्धा भी

**रायपुर।** भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूर्ण होने पर 26 नवंबर से साल भर स्मरणोत्सव का आयोजन किया जाएगा। वर्षभर चलने वाले इस स्मरणोत्सव को 'हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान' के टैगलाइन के तहत संचालित किया जाएगा। स्मरणोत्सव का यह आयोजन चार स्तंभों संविधान की प्रस्तावना, अपने संविधान को जानें, संविधान का निर्माण और संविधान के गौरव विषय पर केंद्रित होगा। संविधान दिवस 26 नवंबर को मुख्य कार्यक्रम में राज्यपाल, मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री के साथ सभी मंत्री, विधायक और अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया जाएगा। संविधान दिवस पर स्कूलों और कॉलेजों में प्रश्नोत्तरी, वाद-विवाद एवं भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। साथ ही इस मौके पर अनुसूचित जाति, जनजाति गांवों में 15 दिवसीय संविधान यात्रा निकाली जाएगी। कार्यक्रम सार्वजनिक स्थान पर बड़ी संख्या में लोगों के साथ आयोजित किया जाएगा तथा उक्त कार्यक्रम में भारत सरकार, संस्कृति मंत्रालय द्वारा संविधान के ऊपर निर्मित फिल्म का प्रदर्शन भी किया जाएगा। रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में संविधान निर्माण में राज्य के विशिष्ट लोगों की भूमिका को केंद्रित किया जाएगा तथा संविधान से संबंधित कला-प्रदर्शनी प्रदर्शित की जाएगी। संविधान दिवस पर आयोजित इस कार्यक्रम के लिए संस्कृति विभाग नोडल विभाग होगा एवं की गई सभी कार्यवाहियों की जानकारी एवं छायाचित्र को भारत सरकार की वेबसाइट में अपलोड करना होगा।

### 15 दिवसीय संविधान यात्रा का भी आयोजन

संविधान दिवस के अवसर पर पंचायतों में 15 दिवसीय संविधान यात्रा का भी आयोजन किया जाएगा। ये यात्राएं अनुसूचित जाति, जनजाति की आबादी के बहुलता वाले गांवों में आयोजित की जाएगी। यात्रा के दौरान, जहां भी बाबा साहेब की प्रतिमाएं होंगी, उन पर पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। ग्राम पंचायतों में ग्रामसभाओं का भी आयोजन होगा, जिसमें संविधान के अनुच्छेद 51ए के तहत नागरिकों के मौलिक कर्तव्यों को पढ़ा और समझाया जाएगा। साथ ही इस मौके पर जीवित स्वतंत्रता सेनानियों को सम्मानित किया जाएगा।

### प्रमुख संशोधनों पर विशेष ध्यान

संविधान सभा के सदस्यों से जुड़े गांवों में, जिसमें संविधान सभा की महिला सदस्यों के योगदान पर विशेष जोर देते हुए विशेष समारोह आयोजित किए जाएंगे। इसके साथ ही स्कूलों और कॉलेजों में संविधान के प्रावधान, संविधान निर्माण की प्रक्रिया, मौलिक अधिकार, कर्तव्य एवं राज्य के नीति-निर्देशक सिद्धांत तथा नवीनतम संशोधन आदि विषयों पर प्रश्नोत्तरी आयोजित की जाएगी। साथ ही नागरिकों के अधिकारों और कर्तव्यों तथा अन्य संवैधानिक मुद्दों पर वाद-विवाद सेमिनार, जिसमें सामाजिक सशक्तिकरण, महिला सशक्तिकरण, लैंगिक समानता को बढ़ावा देने, समय के साथ चुनौतियों का सामना करने के लिए संविधान को लचीला बनाने तथा नवीनतम तथा प्रमुख संशोधनों पर विशेष ध्यान दिए जाने हेतु आयोजित करेंगे।

हरिभूमि-आईएनएच न्यूज के साथ 1 दिसंबर को फ्रीडम रायपुर रन मैराथन, मरीन ड्राइव से शुरू होगी दौड़

# फ्रीडम रायपुर रन मैराथन में मिलकर दौड़ेगी राजधानी, कॉलेज और स्कूली बच्चों में भी उत्साह

**रायपुर।** प्रदेश का सबसे प्रतिष्ठित अखबार दैनिक हरिभूमि और टीवी चैनल आईएनएच न्यूज राजधानी में भव्य फ्रीडम रायपुर रन मैराथन का आयोजन करने जा रहा है, जिसमें दौड़ को लेकर बच्चे-युवा, महिलाओं और दिव्यांगों समेत बुजुर्गों का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। इस मैराथन से जुड़कर आप सेहतमंद शरीर बनाने के साथ लोगों को जागरूक भी कर सकते हैं। मैराथन में दो वर्ग दस और पांच किलोमीटर की दौड़ के रखे गए हैं। दोनों वर्गों में पहले स्थान पर आने वाले पुरुष और महिला प्रतियोगी को नकद पुरस्कार दिया जाएगा। जहां दस किलोमीटर के विजेताओं को 50-50 हजार रुपए नकद मिलेंगे, वहीं पांच किलोमीटर के वर्ग के विजेताओं को 25-25 हजार रुपए बतौर पुरस्कार दिए जाएंगे। हरिभूमि ने मैराथन को लेकर शहर के धावक खिलाड़ियों से बातचीत की। उन्होंने बताया कि राजधानी में लंबे समय के बाद दौड़ लगाने के लिए उत्सुक हैं।

### स्वस्थ शरीर बनाने नई शुरुआत

शहर के धावक मंयक शुक्ला का कहना है कि प्रतियोगिता में हर कोई भाग नहीं ले पाता, लेकिन मैराथन दौड़ उन लोगों के लिए सुनहरा अवसर है, जो रोजाना सुबह दौड़ लगाते हैं। मैराथन में




हर आयुवर्ग को दौड़ने का मंच मिलने वाला है। इस मैराथन में बस्तर के युवा भी बड़ी संख्या में भाग लेंगे। हरिभूमि समूह और आईएनएच न्यूज की मैराथन में शहर के धावक देखने को मिलेंगे। धावक ने कहा कि लोग इस दौड़ से स्वस्थ शरीर बनाने को लेकर नई शुरुआत कर सकते हैं। राजधानी में भी दौड़ के जरिए लोगों को शारीरिक क्षमता और फिटनेस व खेल से जोड़ेंगे।

### जागरूकता फैलाने की मुहिम

शहर की धावक परमेश्वरी ने बताया कि एक खिलाड़ी होने के नाते हम जानते हैं कि फिटनेस को प्राथमिकता देना कितना महत्वपूर्ण है। ऐसे में जब आपको इस प्रकार की पहल का समर्थन करने का मौका मिलता है तो आप इसे ना नहीं कर सकते। प्रदेश में होने वाले सभी मैराथन में हिस्सा लेती रही हूं। इस मैराथन में मेरा मकसद परिवारों को साथ दौड़ने और स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित रहेगा। पर्यावरण और फिटनेस जैसी अहम चीजों को लेकर जागरूकता फैलाने की मुहिम से लोगों को जोड़ने का प्रयास करूंगी।

### मैराथन में इनका विशेष सहयोग

फ्रीडम रायपुर रन मैराथन में फ्रीडम रिफाइंड सनफ्लॉवर आइल एसोसिएट, भारतवासी अगरबत्ती, कान्क्रेट टीएमटी, आईबी ग्रुप, एबिस आर (वन), रूंगटा समूह, रामा टीएमटी, वचन, इफको , संजीवनी कैंसर केयर फाउंडेशन, एएसए एडवरटाइजमेंट, विशेष छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन का विशेष सहयोग है।

# छात्रों ने जाना जलवायु परिवर्तन में पारिस्थितिकी तंत्र का महत्व

**रायपुर।** महाविद्यालय में विद्यार्थियों को जलवायु परिवर्तन संबंधित जानकारी साझा करने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। जहां जलवायु परिवर्तन के कार्यान्वयन में आने वाली कठिनाई एवं समाधान पर चर्चा की गई। शहर स्थित दिशा कॉलेज में शिक्षा विभाग द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन कराया गया, जिसमें बतौर व्याख्याता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एके तिवारी उपस्थित रहे। उन्होंने संबोधन में कहा, कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य जैव विविधता और पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं के बीच जलवायु परिवर्तन के संबंधों को समझना है। इसमें प्रतिभागी जलवायु परिवर्तन से जुड़े मुद्दों का आकलन किया गया, साथ ही जलवायु परिवर्तन संबंधित जरूरतों कि पहचान की गई।

### जलवायु परिवर्तन से जुड़े मुद्दों का आकलन

शिक्षा विभाग से विभागाध्यक्ष डॉ. सौम्या तिवारी और डॉ. विद्या नायर भी को-ऑर्डिनेटर डिस्कशन फोरम में उपस्थित रहे। इस अवसर पर छात्राओं ने जलवायु परिवर्तन के कारणों एवं कठिनाइयों पर होने वाली चर्चा पर शामिल हुए। कार्यशाला के अंत में प्रश्न-उत्तरी का भी आयोजन किया गया, जिसमें फाइनल ईयर और जूनियर कक्षा के विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यशाला में व्याख्याताओं द्वारा डिजिटल शैक्षणिक उपकरणों की सहायता से जलवायु परिवर्तन सबंधित विद्यार्थियों को जानकारी दी गई। इस अवसर पर प्रोफेसर और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## 27 छग बटालियन नेशनल कैडेट कोर द्वारा मनाया जा रहा है 76वां एनसीसी दिवस

# एनसीसी दिवस पर आज कैडेट्स दिखाएंगे घुड़सवारी व युद्ध कला

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** 27 छत्तीसगढ़ बटालियन नेशनल कैडेट कोर द्वारा 76वां एनसीसी दिवस मनाया जा रहा है। रविवार को आयोजित कार्यक्रम शहर स्थित पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित है। जहां मुख्य अतिथि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और एनसीसी के एडिशनल डायरेक्टर जनरल मप्र-छग विक्रम एम. धुमने होंगे। सुबह 9 बजे से आयोजित कार्यक्रम में एनसीसी के अधिकारी और कैडेट्स उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम संचालक कर्नल सौरभ कुमार और ले. कर्नल प्रदीप कुमार नायर ने एनसीसी दिवस संबंधित कार्यक्रम की जानकारी दी। कहा, बीते तीन दिनों से पुलिस परेड ग्राउंड में कैडेट्स के साथ तैयारी की जा रही है, जिसमें राजधानी एवं धमतरी के 250 कैडेट उपस्थित हैं। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम, पुरस्कार वितरण व प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। शनिवार को दोपहर 3 बजे से देर शाम तक कैडेट्स व एनसीसी अधिकारियों के निरिक्षण में तैयारी की गई, जिसमें एनसीसी के विभिन्न विभाग के कैडेट्स की मौजूद रहे। इस दौरान परेड, युद्ध प्रदर्शनी एवं घुड़सवारी की अभ्यास किया गया। समारोह के अंत में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।







### दिखाएंगे युद्ध के करतब

आर्मी एनसीसी कैडेट्स द्वारा जल, वायु एवं थल सेना की चुनौतियों एवं युद्ध नीति का प्रदर्शनी किया जाना है। इमसें एयरोमॉडल उड़ान प्रदर्शन, अनेक विभागों की युद्धकला एवं चुनौतियां शामिल रहेंगी। परेड ग्राउंड में आयोजित प्रदर्शन में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाना है। समारोह में मुख्य अतिथि द्वारा उत्तम प्रदर्शन करने वाले एनसीसी कैडेट्स को पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

### आकर्षण का केंद्र कैडेट्स की घुड़सवारी

इस अवसर पर दुर्ग अंजोरा के 1 सीजी आरएनवी यूनिट द्वारा घुड़सवारी और करतब दिखाए जाएंगे। इसमें महाविद्यालय के 6 कैडेट्स द्वारा बीते 10-15 दिनों से लगातार प्रयास जारी हैं। कार्यक्रम की शुरुआत सीएम श्री साय और एडिशनल डायरेक्टर द्वारा परेड की सलामी के साथ की जाएगी। इस दौरान सर्टिफिकेट ए, बी और सी के सीनियर और जूनियर एनसीसी कैडेट्स उपस्थित रहेंगे। एनसीसी दिवस पर 20 मिनट तक परेड की जानी है, जिसके लिए ग्राउंड में लगभग 100 कैडेट्स उपस्थित रहेंगे।

**लाइव इवेंट**

## युवक-युवती परिचय संग आज जीवनसाथी पत्रिका का होगा विमोचन

**रायपुर।** हर साल की तरह कृष्णा नगर स्थित कर्माधाम में शहर जिला साहू संघ द्वारा 24 नवम्बर को युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इसमें मुख्य अतिथि डिप्टी सीएम अरुण साव होंगे। साथ ही केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू के हाथों समाज के द्वारा तैयार की गई वैवाहिक पत्रिका जीवन साथी का विमोचन भी किया जाएगा। इसमें अध्यक्ष केशव राम साहू 34 वर्षों से जिला साहू संघ द्वारा आयोजित किए जाने वाले युवक-युवती परिचय सम्मेलन के उद्देश्य और महत्ता पर प्रकाश डालेंगे। पत्रिका का विमोचन होने के बाद इसे समाज के लोगों तक पहुंचाने का प्रयास भी किया जाएगा, ताकि जिनके बेटे-बेटी की शादी नहीं हुई है, वे इसके जरिए आसानी से रिश्ते की तलाश कर सकें।



### सुबह 10 बजे से होगा शुभारंभ

संगठन के सचिव अश्वनी कुमार साहू ने बताया कि इस बार सुबह 10 बजे से सामाजिक आयोजन का शुभारंभ किया जाएगा। इसमें हर क्षेत्र से आने वाले युवक-युवती को पंजीयन के आधार पर मंच से समाज के बीच परिचय देने का अवसर दिया जाएगा। इसके साथ ही समाज के बीच आदर्श विवाह को लेकर वैचारिक मंथन भी किया जाएगा। लोगों से राय लेने के बाद जो लोग समाज के आयोजन में ही आदर्श विवाह को लेकर रुचि दिखाएंगे, उन्हें आगामी आयोजन से पहले सूचना भी दी जाएगी। ताकि उन्हें आर्थिक बोझ से बचा सकें।

**धर्म लाइव**

## हैदराबाद में सजेगा छत्तीसगढ़ी लोकवाद्यों का मंच, आदिवासी कलाकार देंगे प्रस्तुति



**रायपुर।** हैदराबाद में होने जा रहे राष्ट्रीय लोक मंथन आयोजन में प्रख्यात लोकवाद्य संग्राहक रिखी क्षत्रिय देशभर की कला-संस्कृति बिरादरी के बीच छत्तीसगढ़ी लोकवाद्यों का जादू बिखेरेंगे। 21 से 23 नवम्बर तक होने जा रहे कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ का नेतृत्व करते हुए छत्तीसगढ़ की लोक संगीत एवं लोक वाद्य की प्रस्तुति करने लोक वाद्य संग्रहक रिखी क्षत्रिय एवं साथी हैदराबाद के लिए रवाना हुए। बता दें कि गैर सरकारी पहल लोकमंथन की ओर से छत्तीसगढ़ ग्रीन समिट का आयोजन 3 से 5 अक्टूबर तक राजधानी रायपुर में किया गया था। इस दौरान इस्पात नगरी भिलाई निवासी व प्रख्यात लोकवाद्य संग्राहक रिखी क्षत्रिय ने अपनी प्रस्तुति दी थी। वहीं उन्होंने अपने संग्रहित लोकवाद्यों की प्रदर्शनी लगाई थी। इस दौरान रिखी क्षत्रिय की कला व उनके वाद्य यंत्रों का संग्रह देख कर प्रज्ञा प्रवाह के अखिल भारतीय संयोजक जे नंदकुमार ने मुक्त कंठ से सराहना की और हैदराबाद में 21 से 24 नवंबर तक होने वाले 'लोकमंथन' के चौथे संस्करण में शामिल होने का न्योता दिया था।

### समूह के साथ सांस्कृतिक प्रस्तुति भी

इस पहल के तहत अब रिखी का दल हैदराबाद रवाना हो चुका है। वहां रिखी देश भर के आदिवासी लोक कला मर्मज्ञों और आदिवासी समुदाय के कलाकारों के बीच अपना संग्रह प्रस्तुत करेंगे और अपने समूह के साथ सांस्कृतिक प्रस्तुति भी देंगे। रिखी के साथ इस दल में रामकुमार निषाद, भोलाराम, उग्रसेन, देवदास, रामकुमार पाटिल, डोरेलाल, कुलदीप सार्वा, दिनेश वर्मा, अजित, राजेश, कमल, शिवम, सुनील, नवीन, प्रदीप, प्रमोद, पारस, संजीव कुमार, भिमेष और वेद प्रकाश शामिल हैं।

**समाज इवेंट**

## लोधी क्षत्रिय समाज प्रतिभाशाली बच्चों व वरिष्ठजनों का आज करेगा सम्मान



**रायपुर।** लोधी क्षत्रिय समाज द्वारा लोधेश्वरधाम में 24 नवंबर को आयोजित दीपावली मिलन समारोह में देशभर से स्वजातीय बंधु पहुंच रहे हैं। समाज का प्रतिनिधित्व करने वाले चार विधायक भी कार्यक्रम में विशेष रूप से शामिल होंगे। इस समारोह के साथ युवक-युवती परिचय सम्मेलन, वार्षिक सम्मेलन व स्मारिका विमोचन के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। प्रतिभाशाली बच्चों व वरिष्ठजनों का सम्मान समारोह भी रखा गया है। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10 बजे से होगी और शाम को 5 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ समापन होगा। कार्यक्रम के प्रमुख अतिथि रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल होंगे। इससे पूर्व शनिवार को कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कलयुग की मीराबाई लोधी शिवांगी दीदी का रायपुर आगमन होने पर समाज के सदस्यों ने जोरदार स्वागत किया। लोधी क्षत्रिय समाज चंगोराभाठा इकाई के सचिव प्रहलाद दमाहे ने बताया कि छत्तीसगढ़ में होने वाला यह पहला सामाजिक कार्यक्रम है, जिसमें देशभर से समाज के लोग हिस्सा लेते हैं। समाज के गौरव एटा (यूपी)के विधायक विपिन वर्मा (राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त), बालाघाट की विधायक अनुभा मुंजारे, लांजी के विधायक राजकुमार कुर्राहे व खैरागढ़ विधायक यशोदा नीलाम्बर, मुख्य संरक्षक पन्नालाल सिंह जंघेल (झारखंड), उत्तम जंघेल, संयोजक लोधेश्वरधाम के आतिथ्य में यह कार्यक्रम होगा। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि व अन्य विशिष्टजन भी कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष विपिन वर्मा के नेतृत्व में लोधेश्वर धाम (कुम्हारी टोल प्लाजा के पास) लोधेश्वर भगवान मंदिर का भूमिपूजन भी होगा। वरिष्ठ कवि लोधी विजय कुमार बघेले तुमसर महाराष्ट्र अपनी कविताओं का पाठ करेंगे।

**द इंस्टिट्यूट ऑफ़ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की शाखा द्वारा एक दिवसीय कॉन्फ्रेंस का आयोजन**

# देश की इकोनॉमी 23 साल में होगी 30 ट्रिलियन, इसे मेंटेन करने लगेंगे 30 लाख एकाउंटेंट, खुलेंगे जॉब के नए द्वार

'देश की इकोनॉमी अभी 4 ट्रिलियन डालर है। इसे विकसित भारत बनाने 2047 के लक्ष्य को छूने अर्थशास्त्री 30 ट्रिलियन तक पहुंचने की संभावना जता रहे हैं। इस लिहाज से देखा जाए तो अभी 4 लाख चार्टर्ड एकाउंटेट काम कर रहे हैं। आगामी लक्ष्य को प्राप्त करने पर नए इकोनॉमी को 23 साल में मेंटेन करने के लिए 30 लाख चार्टर्ड एकाउंटेट की जरूरत पड़ने वाली है। इससे युवाओं के लिए जॉब के नए द्वार खुलेंगे। इसे देखते हुए युवाओं को इस क्षेत्र में जॉब की ज्यादा संभावना मिलेगी। इन संवादों से चेयरमैन धवल शाह युवा सीए से मुखातिब हुए।'





*वीआईपी रोड स्थित एक होटल में चार्टर्ड एकाउंटेंट्स की एक दिवसीय कॉन्फ्रेंस में सीए ने रखे कई रोचक तथ्य*

**रायपुर।** वीआईपी रोड के एक होटल में शनिवार को द इंस्टिट्यूट ऑफ़ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की रायपुर शाखा ने एक दिवसीय कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया। इसमें 200 से ज्यादा चार्टर्ड एकाउंटेट ने भाग लिया। इनके बीच रायपुर ब्रांच के चेयरमैन सीए धवल शाह ने आगे कहा कि एक ट्रिलियन डालर यानी करीब 85 लाख करोड़ का हिसाब एक लाख चार्टर्ड एकाउंटेट देखते हैं। इसी तरह 4 ट्रिलियन का हिसाब अभी 4 लाख सीए देखते हैं। सीए का कोर्स करने पर अभी 60 से 70 हजार रुपए खर्च होते हैं। युवा इस फील्ड को जॉब की तरह देखें तो उन्हें आगामी 23 साल यानी विजन 2047 के तहत बेहतर अवसर मिलेंगे। सेक्रेटरी सीए रश्मि वर्मा ने भी सभी चार्टर्ड एकाउंटेंट्स के सामने समय के साथ काम के तरीके में आए बदलाव को तथ्य के रूप में प्रस्तुत किया। रायपुर सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन के एसएन जाट मुख्य अतिथि, ब्रांच के वाइस चेयरमैन सीए विकास गोलछा, कोषाध्यक्ष गोपाल अग्रवाल ने कॉन्फ्रेंस की बागडोर संभाली।

### जीएसटी फाइल को पुख्ता रखें

जीएसटी के तहत खोज और जब्ती के प्रभावी तरीके को लेकर सीए रमनदीप सिंह भाटिया ने कहा कि क्लाइंट की फाइल को मेंटेन करने में किसी प्रकार की लापरवाही करने से बचें। इसमें की गई खामी सीए के लिए ही नहीं, बल्कि क्लाइंट के लिए भी समस्या उत्पन्न कर सकती है। इसे संबंधित अधिकारी लूज पाइंट के रूप में देखते हैं। इसलिए बेहतर होगा कि जीएसटी से संबंधित क्लाइंट की फाइल को मेंटेन करते समय दस्तावेज को पुख्ता रखें। इससे क्लाइंट की फाइल में पारदर्शिता आएगी। सीए की अपनी जिम्मेदारी भी बेहतर होगी। इससे आपके द्वारा तैयार की गई फाइल में किसी प्रकार की कमी अधिकारी नहीं पकड़ पाएंगे। इसके लिए समय पर क्लाइंट से दस्तावेज कलेक्ट करें।

### जिसके नाम से सम्मन, उसी की..

दुबई और यूएई में पहले व्यावसाय टैक्स फ्री था। अब टैक्स का प्रावधान होने से सीए के तौर पर भारतीय मूल के सीए के लिए वहां जॉब के अवसर बढ़ रहे हैं। कानून प्रवर्तन के क्षेत्र में ईडी व सीबीआई बिना सम्मन के किसी क्लाइंट की फाइल मांगते हैं तो कानूनी तौर पर उसे देने की बाध्यता नहीं होती है। मुंबई के सीए विवेक शाह ने आगे बताया कि आमतौर पर देखने को मिलता है कि ईडी या सीबीआई के अधिकारी एक क्लाइंट का सम्मन लेकर आने के बाद सभी क्लाइंट की फाइल मांगते और आफिस को सीज करते हैं। इसका विरोध कानूनी तौर पर भी जायज होता है। कई लोग इसके बारे में जानने का प्रयास नहीं करते और क्लाइंट का भरोसा एक बार में खो देते हैं।

### अधिकारी नहीं बना सकते दबाव

खोज और जब्ती मामलों को संभालने के लिए व्यावहारिक दृष्टिकोण को मजबूत रखते हुए ईडी और सीबीआई के अधिकारी जब सीए के आफिस में आने के बाद आफिस को सीज करने पर जोर देते हैं तो कानूनी तौर पर सीए आपत्ति का अधिकार रखते हैं। रायपुर शाखा के पूर्व अध्यक्ष सीए बंकिम शुक्ला ने बताया कि अधिकारी जिस क्लाइंट का सम्मन दिखाते हैं, उस क्लाइंट की फाइल ही उन्हें देनी चाहिए। उस क्लाइंट से संबंधित पूछे जाने वाले सवाल का सीए को पूरी पारदर्शिता के साथ जवाब देना चाहिए, इसके लिए आप अधिकृत होते हैं। इसके अलावा अधिकारी किसी अन्य क्लाइंट के फाइल की मांग सीए से करने के लिए कानूनी तौर पर कोई दबाव भी नहीं बना सकते हैं।

## सर्द रातों में खुले आसमां के नीचे सोने वालों के लिए युवा बन रहे सहारा, दे रहे कंबल-गर्म कपड़े

**रायपुर।** सर्द रातों में खुले आसमां के नीचे या किसी शेड की छांव में सोने वालों को ठंड से ठिठुरते देख लोगों के मन में सहारा बनने के भाव तो आते होंगे, लेकिन वे मदद करने की नहीं सोच पाते हैं। ऐसे लोगों के बीच शहर में युवाओं के ग्रुप वर्षों से इस तरह की समस्या से जुझने वालों के लिए सहारा बन रहे हैं। इसके लिए वे ठंड शुरू होने से पहले गर्म कपड़े व कंबल जुटाने के लिए आपसी तालमेल से पैसे जमा करने लगते हैं। सरोकार से जुड़े ऐसे लोगों की तलाश भी करते हैं, जो उनकी पहल में सहभागी बनना चाहते हैं। उनसे मिलने वाली सहयोग राशि के अलावा वे खुद भी पैसे जमा करके दूर-दराज से शहर में इलाज करवाने और रोजी-मजदूरी करने आने वाले परिवारों के बच्चों तक स्वेटर, कंबल पहुंचाते हैं। इसके लिए हर साल वे लक्ष्य भी तय करते हैं।



### भोजन के बाद बांट रहे हैं कंबल

रामनगर के कबीर चौक से कई क्षेत्र में सेवा देने वाली संस्था आवाम ए हिन्द वेलफेयर के संस्थापक मो. सज्जाद खान लोगों को भोजन ही नहीं बल्कि ठंड बढ़ने पर संस्था से जुड़े सौ से ज्यादा मेंबर्स व गुप्त दानदाताओं की मदद से विगत 10 वर्षों गर्म कपड़े व कंबल भी पहुंचा रहे हैं। संस्था के जुबैर खान ने बताया कि इस बार एक हजार कंबल बांटने का लक्ष्य तय किया है। इस कड़ी में काम शुरू किया है। दिन में संस्था के 10 युवा भोजन बांटते हैं। रात में ठंड से बचाने के लिए कंबल बांटने के लिए निकलते हैं। इस बार भी डीकेएस, अम्बेडकर अस्पताल, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड क्षेत्र में सर्द रातों से लोगों को बचाने के लिए कंबल देने के लिए निकलते हैं। इस बार तय लक्ष्य से भी ज्यादा लोगों तक पहुंचने का प्रयास किया जाएगा।



### पड़ों की खेप पहुंचाने का प्रयास

इस बार भी अश्वनी नगर से संचालित चरामेती फाउंडेशन से जुड़े राजेन्द्र ओझा मानवीय मूल्यों का बचाने के लिए मुहिम चला रहे हैं। इस संस्था के द्वारा लायंस क्लब व बढ़ते कदम संस्था द्वारा संचालित आश्रमों में शॉल व कंबल से सहयोग की तैयारी है। आगे बताया कि अभी कुशालपुर, अमलेश्वर क्षेत्र में रोजी-मजदूरी करने वालों और उनके बच्चों तक कंबल और गर्म कपड़ों की खेप पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। इस बार एक हजार से ज्यादा लोगों का सहयोग करने का लक्ष्य है। अम्बेडकर के कैंसर वार्ड के आसपास शेड के नीचे रहने वालों तक सहयोग व संबल देने का प्रयास है। इसके लिए जनभागीदारी भी हर साल की तरह बढ़ाने का प्रयास है। इसके लिए संस्था के मेंबर्स भी सामर्थ्य के अनुसार सहयोग राशि जमा करते हैं।

## देश में हर तरह से जंगलों को बचा रही बिरहोर जनजाति आदिवासियों की जीवनशैली से रूबरू हुए छात्र-छात्राएं

**रायपुर।** अपना पूरा जीवन बिरहोर जनजाति की सेवा में बिताने वाले पद्मश्री जागेश्वर यादव का कहना है कि विशेष पिछड़ी जनजाति बिरहोर के जीवन में जंगल का विशेष महत्व है और यह जनजाति जंगल को हर तरह से बचाने के लिए सदैव प्रयासरत रहती है। सुविधाओं की वजह से इनके जीवन में वर्तमान में अनेक सुधार हुए हैं। श्री यादव ने यह बातें पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र एवं समाजकार्य अध्ययनशाला द्वारा प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस के अंतर्गत आयोजित विशेष व्याख्यान में कहीं। रविवि के समाजशास्त्र एवं समाजकार्य अध्ययनशाला के विभागाध्यक्ष प्रो. निस्तर कुजूर ने बताया कि समाजशास्त्र एवं समाज कार्य अध्ययनशाला में प्रोफेसर ऑफ प्रेक्टिस पद्मश्री जागेश्वर यादव के पांच दिवसीय विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत तृतीय दिवस बिरहोर जनजाति की जीवनशैली: पूर्व एवं वर्तमान विषय पर व्याख्यान दिया गया।



### स्टूडेंट्स को किया जागरूक

*प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस द्वारा बिरहोर जनजाति की जीवनशैली पर व्याख्यान*

यह व्याख्यान कार्यक्रम कुलपति प्रो. सच्चिदानंद शुक्ल के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष प्रो. निस्तर कुजूर, प्रोफेसर एलएस गजपाल, वरिष्ठ एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. हेमलता बोरकर वासनिक, अतिथि प्राध्यापक डॉ. ममता सिरमोर वर्मा, सुश्री हुमप्रभा साहू, फलेंद्र कुमार तथा विभाग के छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं में उत्सुकता और जागरूकता का वातावरण बना रहा और सभी ने व्याख्यान के अंत में पद्मश्री यादवजी से सवाल भी किए।

### जनजाति करती है जंगल को बचाने का प्रयास

श्री यादव ने बताया कि बिरहोर जनजाति विशेष पिछड़ी जनजाति है, जो आज भी जंगलों एवं पहाड़ों में रहना पसंद करती है। पूर्व की स्थिति अत्यंत दयनीय थी, क्योंकि इनके जीवनयापन का साधन केवल आखेट था, किंतु वर्तमान में ये कृषि ,पशुपालन, लकड़ी बेचने, रस्सी बनाने, दोना-पत्तल निर्माण जैसे कार्य करने लगे हैं, जिससे उनकी जीवनशैली में पूर्व की अपेक्षा वर्तमान में अनेक सुधार हुए हैं। पूर्व में उनके आवास कच्चे थे, जो केवल लकड़ी एवं पत्तों के बने होते थे, किंतु वर्तमान में प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी सुविधाओं के कारण इनके पास पक्के आवास हैं। वर्तमान में शासन द्वारा इन्हें कृषि एवं पशुपालन जैसे व्यवसायों से जोड़ने के लिए अनेक प्रयास किए जा रहे हैं। बिरहोर जनजाति के लोग जंगल में रहना पसंद करते हैं, इसीलिए यह जंगल से संबंधित कार्य करते हैं। इनके जीवन में जंगल का बहुत महत्व है, क्योंकि सभी प्रकार की उनकी जीविका, उनका खाना-पीना सब वहीं से आता है, बिरहोर जनजाति जंगल को हर तरह से बचाने का प्रयास करती है।

**तीन मुमुक्षुओं को मिली साधु जीवन की दीक्षा, तपस्वियों को मोक्ष माला पहनाकर किया सम्मानित**

# एक दिन पहले माता-पिता से लिया था संयम जीवन का आशीर्वाद अब साधु बनने के बाद परिवार समेत लोगों ने भी छुए पैर

**कार्नर न्यूज**

**रायपुर।** एमजी रोड स्थित श्री जैन दादाबाड़ी में शनिवार को सभी मत-पंथ के साधु-साध्वियों की मौजूदगी में दीक्षा का ऐतिहासिक महोत्सव संपन्न हुआ। ऐतिहासिक इसलिए भी, क्योंकि एक साथ यहां तीन दीक्षाएं संपन्न हुईं। सुबह भगवती प्रवज्या विधि के दौरान गुरु भगवंतों ने पहले मुमुक्षुओं को रजोहरण (साधु जीवन में उपयोगी सामग्री) प्रदान किया। इसे पाकर मुमुक्षु खुशी से झूमने लगे। नृत्य से गुरु वंदना करते हुए तीनों मुमुक्षुओं ने अपने भाव प्रकट किए। इन अद्भुत पलों का साक्षी बनने देशभर से जैन समाज के लोग रायपुर पहुंचे थे। आत्मस्पर्शीय चातुर्मास समिति के अध्यक्ष पारस पारख, महासचिव नरेश बुरड़ और कोषाध्यक्ष अनिल दुग्गड़ ने बताया कि दीक्षा महोत्सव में सभी मत-पंथ के तकरीबन 60 साधु-साध्वियां मौजूद थे। 7 से 8 हजार श्रद्धालुओं की भीड़ से खचाखच दादाबाड़ी परिसर में सुबह 7.15 बजे से भगवती दीक्षा की क्रियाएं शुरू हो गई थीं। विशाल मंच पर साधु-साध्वियों की निश्रा में श्री विनय कुशल मुनि ने तीनों मुमुक्षुओं से विभिन्न अनुष्ठान संपन्न कराए। इसके बाद मुमुक्षुओं को उनके परिजन केश लोच के लिए लेकर गए। मुंडन आदि संस्कार पूरे होने के बाद दीक्षार्थी वापस मंच पर लौटे तो इनका भेष पूरी तरह बदल चुका था।

अरिहंत अब स्वस्ति भद्र मुनि, नीलेश सोनभद्र मुनि तो निकिता अरिष्ट लब्धि श्रीजी नाम से पहचानी जाएंगी





### दीक्षा के बाद मिला नया नाम

पूरे शरीर पर केवल सफेद वस्त्र थे। सांसारिक जीवन त्यागकर संयम पथ पर अग्रसर हो रहे साधु-साध्वी के चेहरे की रौनक देखते ही बनती थी। इस दौरान गुरु भगवंत ने केश लोच कर दीक्षा संपन्न कराई। तीनों दीक्षार्थियों का नामकरण भी किया। इसके तहत अरिहंत बुरड़ अब स्वस्ति भद्र मुनि, नीलेश मेहता सोमभद्र मुनि और निकिता कटारिया अरिष्ट लब्धि के नाम से पहचानी जाएंगी। कल तक जो दीक्षार्थी सबसे मिलकर संयम जीवन के लिए आशीर्वाद ले रहे थे, दीक्षा लेने के बाद सब उनसे आशीर्वाद लेने आ रहे थे। पाट पर विराजे नए साधु-साध्वियों के दर्शन के लिए पूरा समाज उमड़ पड़ा था। लोगों ने बारी-बारी दर्शन कर इनसे शुभाशीष ली। मुंबई से आए जैनम वारिया की प्रस्तुति ने इस दौरान सबका मन मोह लिया। मंच संचालन सुपारसचंद गोलछा ने किया। इस मौके पर पहला उपधान तप पूरा करने वाले तपस्वियों को मोक्ष माला पहनाकर सम्मानित किया गया। मोक्ष माला एवं दीक्षा के 5 दिवसीय कार्यक्रम में ट्रस्ट मंडल, चातुर्मास समिति, केयू ग्रुप, एसपीजी ग्रुप, विहार ग्रुप समेत सभी मंडल, समितियों का योगदान रहा। लाभार्थी बुरड़ परिवार ने इसके लिए सबके प्रति आभार प्रकट किया।

### दीक्षा के 25 साल बाद शहर आए प्रियदर्शी विजय

दीक्षा में श्री प्रियदर्शी विजय शामिल हुए। यह रायपुर के ही बेटे हैं। दीक्षा लेने के पूरे 25 साल बाद उनका इस साल रायपुर आगमन हुआ, जब विवेकानंद नगर को उनके चातुर्मास का अवसर मिला।



वे वीर पिता सुरेश बरड़िया के सुपुत्र हैं। चूंकि उनकी दीक्षा के 25 साल पूरे हो गए हैं, इसलिए ट्रस्ट मंडल, चातुर्मास समिति और श्रीसंघ ने इस मौके को यादगार बनाने के लिए दादाबाड़ी में चारित्र मनोरथ माला महोत्सव का आयोजन किया है। गौरतलब है कि वैराग्य में तत्पर और सेवा में अग्रणी प्रियदर्शी विजयजी अब तक कई छोटे-बड़े तप कर चुके हैं, जिनमें 51 उपवास, 58 उपवास, 7 सिद्धि तप, 9 माह का धन्ना अणगार तप, 1 धर्म चक्र तप, 1 शत्रुंजय तप, 2 वर्षी तप, वर्धमान तप ओलीजी कर चुके हैं।

## सिटी स्पोर्ट्स

### राज्य सब जूनियर ताइक्वांडो में कोरबा, दुर्ग, रायपुर का दबदबा



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ ताइक्वाडो संघ और ज़िला ताईक्वाडो संघ के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित 20वीं राज्य स्तरीय सब जूनियर ताईक्वाडो स्पर्धा का आयोज़न सीपेट भवन स्याहिमुडी कोरबा में किया जा रहा है। 22 से 24 नवम्बर तक चलने वाली प्रतियोगिता के मुक़ाबलों का शुभारंभ महापौर राजकिशोर प्रसाद एवं नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल , ज़िला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष नोशाद ख़ान ने किया। उद्घाटन अवसर पर महापौर राजकिशोर प्रसाद ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि ताइक्वांडो खेल जीवन में अनुशासन सिखाता है। विशेष अतिथि हितानंद अग्रवाल ने कहा जिनका चयन नहीं हो पाया उनको अच्छी मेहनत कर के अगले प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए तैयार होना पड़ेगा। स्वागत उद्बोधन छत्तीसगढ़ ताइक्वांडो संघ के महासचिव अनिल द्विवेदी ने दिया। अतिथियों को जिला ताइक्वांडो संघ के अध्यक्ष अखिल अग्रवाल सचिव लोकेश राठौर ने स्वागत कर इस स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर राज्य संघ के कोषाध्यक्ष महेश दास और दर्री के पार्षद अरुण वर्मा मंच पर थे। छत्तीसगढ़ ताइक्वांडो संघ के महासचिव ने बताया कि हरियाणा के पंचकुला शहर में 29 नवम्बर से 1 दिसंबर तक 38वीं राष्ट्रीय सब जूनियर ताइक्वांडो प्रतियोगिता के लिए जगह बनाने राज्य भर के 300 खिलाड़ी मेहनत कर रहे हैं उक्त प्रतियोगिता में 38 सदस्यीय दल छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेगा।

कार्यक्रम की एनटीपीसी जमनीपाली के प्रोजेक्ट हेड राजीव खन्ना ने प्रतिभागी छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि अपना लक्ष्य अवश्य निर्धारित करना चाहिए। प्रतियोगिता को सफल बनाने 12 निर्णायक एवं अनिल सिंह, अखिलेश, रामकिशन रजनी लहरे, नताशा, ललित जोगे, दुर्गेश माँझी, अशोक यादव, अंकित प्रजापति, अंकित रॉय, भागवत पांडे, विवेक मैत्री, आयुष राजपूत, लीला यादव स्नेहा साहू, सूरज सेन और योगेश श्रीवास का सराहनीय योगदान रहा।

### अखिल भारतीय विद्युत लॉन टेनिस में जारी है रोमांचक मुकाबले



**रायपुर।** 46वीं अखिल भारतीय विद्युत लॉन टेनिस स्पर्धा का आगाज छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के प्रबंध निदेशकगण एसके कटियार और राजेश कुमार शुक्ला ने टेनिस कोर्ट में खेलकर किया। मुख्य अतिथि श्री कटियार ने कहा कि नौ राज्यों से आई विद्युत कंपनियों की टीमें अपने साथ भाईचारे का संदेश लेकर आई हैं, हर स्पर्धा में खिलाड़ियों में टीम भावना का गुण सर्वोपरि होता है, इसी टीम भावना को बढ़ाना इस अखिल भारतीय आयोजन का उद्देश्य है। उद्घाटन समारोह में विशेष अतिथि के रूप में कार्यपालक निदेशक गण जेएस नेताम, एसके मनोठिया एवं एमएस चौहान उपस्थित थे। इस अवसर पर ओलंपियन दानिश मुजतबा को सम्मानित किया गया, वे उत्तरप्रदेश पावर कार्पोरेशन लिमिटेड में खेल अधिकारी व मैनेजर के बतौर इस स्पर्धा में शामिल हो रहे हैं।

पहले दिन टीम इवेंट व सिंगल के कई राउंड में मैच हुए। जिसमें खिलाड़ियों ने पूरे दमखम के साथ खेल का प्रदर्शन किया। केरल और कर्नाटक के बीच हुए मुकाबले में केरल विजेता रही है। छत्तीसगढ़ और कोलकाता के बूच हुए मैच में छत्तीसगढ़ ने जीत दर्ज की। सेमी फाइनल मुकाबले में छत्तीसगढ़ और केरल के बीच मुकाबला हुआ है, जिसमें केरल फाइनल में पहुंच गई। वहीं आंध्रप्रदेश और असम के बीच हुए मुकाबले में असम विजयी रही। तेलंगाना और उत्तरप्रदेश के बीच हुए मुकाबले में उत्तरप्रदेश ने जीत दर्ज की। असम और उत्तरप्रदेश राज्य विद्युत मंडल की टीम कल सेमीफाइनल खेलेगी। समापन समारोह 25 नवंबर को दोपहर 2.30 बजे होगा, जिसमें मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के अध्यक्ष डॉ. रोहित यादव होंगे। इस अवसर पर विशेष अतिथि प्रबंध निदेशकगण राजेश कुमार शुक्ला एवं भीमसिंह कंवर उपस्थित रहेंगे। इस स्पर्धा में शामिल होने के लिए छत्तीसगढ़ सहित आंध्रप्रदेश, असम, कर्नाकट, उत्तरप्रदेश, तमिलनाडू, केरल, कोलकाता, तेलंगाना राज्य से विद्युत कंपनियों की टीमें आईं हैं। उद्घाटन समारोह का संचालन अतिरिक्त महाप्रबंधक (जनसंपर्क) उमेश कुमार मिश्र ने किया।

समय रहते लक्षणों को पहचान जाएं और शुरू करवा दें उपचार

# यूरिक एसिड के उच्च स्तर की पहचान करना आसान नहीं, चुनौती बन रहा हाइपरयूरिसीमिया

यूरिक एसिड शरीर का सामान्य अपशिष्ट उत्पाद है। व्यक्ति के खून में यूरिक एसिड का स्तर बढ़ने से स्वास्थ्य पर काफी प्रभाव पड़ सकता है। यह आम स्थिति है, जिसे हाइपरयूरिसीमिया भी कहते हैं। इसके तुरंत लक्षणों का पता लगाना आसान नहीं होता, लेकिन लोगों की तंदुरुस्ती पर इसका लंबे समय तक काफी ज्यादा प्रभाव हो सकता है। अकसर देखने में आया है कि इसका निदान नहीं हो पाता, इसलिए हमें जोखिम के घटकों को पहचानने और जल्दी जांच कराने पर ज्यादा जोर देने की जरूरत है। हाइपरयूरिसीमिया भारत में एक लगातार बढ़ती चुनौती है।

### जोखिम के घटक की पहचान जरूरी

भारत में एबॅट के एसोसिएट मेडिकल डायरेक्टर, डॉ. कार्तिक पीतांबरन के मुताबिक, यूरिक एसिड के उच्च स्तर से शरीर पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है, लेकिन अधिकांश रोगियों में इसके लक्षण प्रकट नहीं होते हैं। इस कारण से लोगों के लिए जोखिम के घटक की पहचान करना और जल्द से जल्द खुद की जांच कराना जरूरी हो जाता है, ताकि वे समय पर इसका पता लगा सकें।

इसके हानिकारक प्रभावों से खुद को बचा सकें। अगर समय रहते इस बीमारी का पता लग जाता है, तो इससे संबंधित जटिलताओं के खतरे को भी कम किया जा सकता है। हमारी कोशिश है कि डॉक्टरों और रोगियों, दोनों को मदद पहुंचाने वाले समाधानों के द्वारा जांच एवं देखभाल की प्रक्रिया को सरल बनाने की है। इससे लोगों को अपना यूरिक एसिड का स्तर नियंत्रण में रखने के लिए सही जानकारी के साथ




उनका सशक्तिकरण सुनिश्चित किया जा सकता है।

### यूरिक एसिड के उच्च स्तर से स्थायी किडनी रोग

फोर्टिस हॉस्पिटल, दिल्ली के नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ. संजीव गुलाटी ने कहा, एक अध्ययन के अनुसार, डायबिटीज व हाइपरटेंशन या इन दोनों बीमारियों से पीड़ित रोगियों में से 30 फीसदी से अधिक हाइपरयूरिसीमिया होता है। यूरिक एसिड का उच्च स्तर स्थायी किडनी रोग और किडनी में तीव्र चोट के बढ़ने का भी कारण बन सकता है। हालांकि, अलाक्षणिक मामले निदान के बगैर गंभीर हो सकते हैं।

बढ़े यूरिक एसिड की जल्दी जांच और उचित प्रबंधन स्वास्थ्य के अच्छे प्रबंधन एवं सम्बंधित स्थितियों को रोकने या संभालने के लिए बेहद जरूरी हैं। आमतौर पर, दोनों किडनी शरीर में उत्पन्न होने वाले यूरिक एसिड का 60 फीसदी से 65 फीसदी प्रभाव हटाती हैं, जो पेशाब के दौरान रक्तप्रवाह से छन कर बाहर निकल जाता है। बाकी बचा हुआ यूरिक एसिड आंतों और पित्त (बाइल) के रास्ते निकलता है। जब बहुत ज्यादा यूरिक एसिड बनने लगता है या उचित ढंग से उत्सर्जित नहीं होता है, तब समस्या हो सकती है। इसके परिणामस्वरूप क्रिस्टल जमा होने लगते हैं, जिससे शरीर के जोड़ों में या किडनी में एकत्र होकर गठिया (अर्थराइटिस का एक कष्टदायक रूप), किडनी में पथरी (किडनी स्टोन) या स्वास्थ्य की दूसरी जटिलताएं सामने आने लगती हैं।

### यूरिक एसिड का सामान्य निष्कासन बाधित

यह समस्या कितनी आम है, अध्ययन बताते हैं कि हाइपरयूरिसीमिया भारत में लगातार बढ़ती एक गंभीर चुनौती है। भारत के विभिन्न राज्यों में इसकी व्यापकता अलग-अलग है। कुछ क्षेत्रों में तो यह प्रतिशतत्ता 47.2 तक है। उच्च यूरिक एसिड, पुरुषों और बुजुर्गों सहित कुछ खास आबादी में विशेष रूप से आम है। खून में यूरिक एसिड का बढ़ा हुआ स्तर किडनी, जठरांत्र और हॉर्मोन से सम्बंधित रोगों का कारण बन सकता है। इसके चलते शरीर से यूरिक एसिड का सामान्य निष्कासन बाधित हो जाता है। अत्यधिक फैटी मीट्स, सीफूड, अल्कोहल, सूखे बींस और मटर का, सेब, तरबूज आदि जैसे फ्रक्टोज से भरपूर फल, जिनमें प्राकृतिक रूप से ज्यादा शुगर होती है, का सेवन करने पर भी यूरिक एसिड का स्तर बढ़ सकता है।

### कैसे करें हाइपरयूरिसीमिया की पहचान?

कुछ लोगों में यूरिक एसिड का स्तर ज्यादा होने पर जोड़ों में तेज दर्द, कोमलता, लालिमा या सूजन हो सकती है। जब यूरिक एसिड का उच्च स्तर किडनी में पथरी का रूप ले लेता है, तब पीठ के एक या दोनों ओर निचले हिस्से में या पेट में दर्द, मितली, पेशाब करते समय कठिनाई व दर्द जैसे लक्षण भी हो सकते हैं।

# बची रोटी से झटपट बनाएं समोसा

कई बार ऐसा होता है कि जब आप रोटी बना कर रखती हैं तो वो बच जाती हैं। ऐसे में इसे फेंकने का मन भी नहीं करता। ऐसे में आप बची हुई रोटी से जब समोसे बनाएंगे तो ये खाने में भी काफी टेस्टी लगेंगे और इसे खाने से ज्यादा नुकसान भी नहीं होगा तो आइए देर ना करते हुए आपको बची हुई रोटियों से समोसे बनाना सिखाते हैं।

रोटी के समोसा बनाने के लिए सबसे पहले आप आलू उबाल कर इन्हें ठंडा कर लें। अब इसका छिलका उतार करके अच्छी तरह से मैश कर लें। इसके बाद एक कड़ाही में तेल डाल कर उसमें कलौंजी और हरी मिर्च डालकर कुछ सेकेंड कर भूनें। इसके बाद मसला हुआ आलू कड़ाही में डालें और उसे चम्मच की मदद से चलाते हुए फ्राई करें। इसे कुछ मिनट तक अच्छे से भूनें।

इसके बाद अब इसमें सभी मसाले और नमक डाल कर अच्छे से मिला लें। जब ये तैयार हो जाए तो इसके ऊपर धनिए की पत्तियां डालें। अब इसे अलग रख कर ठंडा कर लें।

समोसे को चिपकाने के लिए बेसन का गाढ़ा घोल तैयार करें। इसके बाद रोटी को बीच से काट लें। अब एक टुकड़ा लेकर इसका कोन बनाएं और इसमें आलू की फिलिंग भरें। लास्ट में इसे समोसे का आकार देकर बेसन के घोल की मदद से चिपका दें। अब एक कड़ाही तेल गर्म करके उसमें रोटी समोसा को डालकर डीप फ्राई करें। इसे चटनी के साथ गर्मागर्म ही परोसें।



# क्या घर में लगा सकते हैं रुद्राक्ष का तोरण?

वास्तु शास्त्र के अनुसार जीवन में सुख-समृद्धि और खुशहाली के लिए कई नियमों के बारे में बताया गया है। अगर इन नियमों को अनदेखी करें, तो इससे वास्तुदोष उत्पन्न हो सकता है और कई तरह की परेशानियां भी झेलनी पड़ जाती है।

वहीं आपने हर व्यक्ति के घर के दरवाजे पर किसी न किसी चीज से बना तोरण जरूर देखा होगा। जिसका अलग-अलग महत्व है। कुछ लोग आम के पत्ते का तोरण, तो फूलों का तोरण लगाते हैं, लेकिन क्या आपने कभी रुद्राक्ष का तोरण लगे देखा है।

आइए इस लेख में ज्योतिषाचार्य पंडित अरविंद त्रिपाठी से विस्तार से जानते हैं कि क्या रुद्राक्ष से बना हुआ तोरण लगाया जा सकता है।

घर के दरवाजे पर रुद्राक्ष का तोरण लगाना बेहद शुभ माना जाता है। इसे घर में लगाने से कभी नकारात्मक शक्तियों का आगमन नहीं होता है और व्यक्ति को कभी किसी भी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता है। घर के दरवाजे पर रुद्राक्ष का तोरण लगाने से व्यक्ति को सुख-शांति और समृद्धि की प्राप्ति हो सकती है और धन का भी आगमन होता है।



### रुद्राक्ष का तोरण घर के सदस्यों के स्वास्थ्य के लिए है शुभ

अगर घर के परिवार का कोई भी सदस्य बीमार रहता है, तो रुद्राक्ष का तोरण जरूर लगाना चाहिए। इससे व्यक्ति के स्वास्थ्य में सुधार हो सकता है और शुभ फलों की प्राप्ति हो सकती है।

### रुद्राक्ष का तोरण भगवान शिव का है प्रतीक

हिंदू धर्म में रुद्राक्ष भगवान शिव को बेहद प्रिय है। इसलिए अगर आप रुद्राक्ष का तोरण लगा रहे हैं, तो एकमुखी रुद्राक्ष लगाएं। ऐसा करने से व्यक्ति को सभी पापों से छुटकारा और चिंता से मुक्ति मिल सकती है। साथ ही माता लक्ष्मी (मां लक्ष्मी मंत्र) की प्राप्ति हो सकती है।



# शुरू हुआ मार्गशीर्ष मास, श्रीकृष्ण की कृपा पाने के लिए करें ये उपाय

मार्गशीर्ष माह की शुरुआत 22 नवंबर को हो गई है। इस माह में श्री कृष्ण का ध्यान और उपासना सच्चे मन से करने पर सभी पापों से मुक्ति मिलती है। इसके साथ ही अमोघ फल की प्राप्ति होती है। गीता में लिखा है कि-₹बृहत्साम तथा साम्नां गायत्री छन्दसामहम्। मासानां मार्गशीर्षोऽहमृतूनां कुसुमाकरः₹ सनातन धर्म में मार्गशीर्ष माह का धार्मिक महत्व है। लोकभाषा में इस माह को अगहन भी कहा जाता हैं। ये माह भगवान श्रीकृष्ण का प्रिय है। कार्तिक पूर्णिमा के खत्म होने के बाद से ही मार्गशीर्ष माह की शुरुआत हो जाती है। मार्गशीर्ष माह की शुरुआत 28 नवंबर 2023 को हो रही है। इस माह में श्री कृष्ण का ध्यान और उपासना सच्चे मन से करने पर सभी पापों से मुक्ति मिलती है। इसके साथ ही अमोघ फल की प्राप्ति होती है। गीता में लिखा है कि- ₹बृहत्साम तथा साम्नां गायत्री छन्दसामहम्। मासानां मार्गशीर्षोऽहमृतूनां कुसुमाकर₹ अर्थात - ₹मैं सामों में बृहत्साम, छन्दों में गायत्री, मासों में मार्गशीर्ष और ऋतुओं में वसन्त ऋतु मैं हूँ।₹ इस श्लोक के माध्यम से श्रीकृष्ण ने स्वंय को मार्गशीर्ष महीना बताया है। स्कंदपुराण के अनुसार,भगवान की कृपा प्राप्त करने की कामना रखने वाले श्रद्धालुओं को अगहन मास में कुछ धार्मिक नियमों का पालन करना चाहिए।

### ब्रह्ममुहूर्त में स्नान-



इस माह में किए गए व्रत-उपवास से भगवान श्रीकृष्ण की कृपा प्राप्त होती है।पुराणों के अनुसार इस महीने कम से कम तीन दिन तक ब्रह्म मुहूर्त में किसी पवित्र नदी में स्नान करने से प्राणी की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। स्त्रियों के लिए यह स्नान उनके पति की लंबी उम्र और अच्छा स्वास्थ्य देने वाला माना गया है।

### श्री कृष्ण की पूजा-

मार्गशीर्ष मास में नाना प्रकार के पुष्पों,ऋतु फल, उत्तम नैवेद्यों,धूपों तथा आरती आदि के द्वारा प्रसन्नता पूर्वक श्री जनार्दन का पूजन करके सभी सांसारिक कष्टों से मुक्ति मिलती है। भगवान श्रीकृष्ण को माखन-मिश्री अत्यंत प्रिय है। इसलिए उन्हें रोजाना तुलसी दल डालकर माखन मिश्री का भोग लगाएं इससे भगवान श्रीकृष्ण आपकी हर विपदा को दूर करेंगे।


### शंख पूजन-

इस महीने में शंख पूजन का विशेष महत्व है। साधारण शंख को श्रीकृष्ण को पाञ्चजन्य शंख के समान समझकर उसकी पूजा करने से सुख-सौभाग्य प्राप्त होता है।शंख में गंगाजल भरकर भगवान की आरती के बाद इस जल को पूरे घर में छिड़क दें। ऐसा करने से घर की नकारात्मक ऊर्जा दूर होगी, जिससे घर में सुख-समृद्धि आएगी।

### मंत्र साधना-



अगहन मास में जप,तप,ध्यान एवं दान करना शीघ्र फलदाई माना गया है। भगवान श्री कृष्ण की भक्ति और उनके मंत्रों का जाप करना इस माह में बहुत पुण्यदायी है।ॐ नमो भगवते वासुदेवाय' एक चमत्कारी मंत्र है। इस मंत्र का मार्गशीर्ष माह में जरूर जाप करें। संतान से जुडी हर परेशानी को दूर करने के लिए मार्गशीर्ष माह में कृं कृष्णाय नमः मंत्र का दिन में 108 बार जप करना लाभकारी रहेगा।





















## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## डिज्नी के 2026 की रिलीज स्लेट से बाहर हुई 'स्टार वार्स', शामिल किया 'आइस एज 6' को

'स्टार वार्स' दर्शकों के बीच बहुत लोकप्रिय रही है। इसकी अगली किस्त 2026 में रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब इसकी रिलीज को



टाल दिया गया है। दरअसल, डिज्नी ने 2026 की रिलीज स्लेट से एक बिना शीर्षक वाली 'स्टार वार्स' फिल्म को हटा दिया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, स्टार वार्स फिल्म को पहले 18 दिसंबर, 2026 को रिलीज किया जाना था, लेकिन अब इसे रिलीज स्लेट से हटा दिया गया है। हालांकि, अब 'स्टार वार्स' फिल्म की जगह अब किसी दूसरी फिल्म ने जगह बना ली है। अब 'आइस एज 6' इसकी जगह लेगी। उस तारीख के लिए शुरू में तय की गई स्टार वार्स फिल्म के विवरण का खुलासा नहीं किया गया था। पिछले हफ्ते डिज्नी ने घोषणा की थी कि साइमन किनबर्ग को स्टार वार्स ट्रायलॉजी लिखने और बनाने के लिए लाया गया है। लुकासफिल्म की अध्यक्ष कैथलीन कैनेडी भी ट्रायलॉजी का निर्माण करेंगी, उस समय रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि फिल्मों में नए किरदार शामिल होंगे और यह पिछली स्काईवॉकर सागा की निरंतरता नहीं होगी, जो कि साइंस-फिक्शन फिल्म फ्रेंचाइजी के एपिसोड एक से नौ तक फैली हुई थी। डेजी रिडले का किरदार रे स्काईवॉकर एक अलग स्टार वार्स फिल्म का केंद्र बिंदु है, जिस पर निर्देशक शर्मीन ओबैद-चिनॉय सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं। इस प्रोजेक्ट का पहली बार अप्रैल 2023 में लंदन में स्टार वार्स सेलिब्रेशन में जिक्र किया गया था।

### टॉलीवुड

## नयनतारा-विग्नेश खड़े रहे आधे घंटे तक कतार में, भीड़ में नहीं पहचान पाए लोग

मशहूर अभिनेत्री नयनतारा ने हाल ही में अपना जन्मदिन मनाया है। अभिनेत्री ने इस खास दिन को काफी सादगी से मनाने का प्लान किया। अभिनेत्री के



पति और फिल्ममेकर विग्नेश शिवन ने जन्मदिन की एक झलक साझा। कपल ने कनॉट प्लेस के एक लोकल रेस्टोरेंट में डिनर किया। विग्नेश ने अपनी पोस्ट में खुलासा किया कि वह 30 मिनट तक रेस्टोरेंट के बाहर कतार में खड़े रहे और लोगों का उन पर ध्यान नहीं गया। वीडियो में उन्हें लाइन में खड़े होकर लोगों का ध्यान आकर्षित किए बिना अपने भोजन का आनंद लेते हुए देखा गया। अभिनेत्री नयनतारा ने 18 नवंबर को दिल्ली में फिल्म निर्माता-पति विग्नेश शिवन के साथ अपना जन्मदिन मनाया। शुक्रवार को, विग्नेश ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा किया और बताया कि उन्होंने नयनतारा का जन्मदिन कैसे मनाया। कपल ने दिल्ली के कनॉट प्लेस के एक लोकल रेस्टोरेंट में भोजन किया। विग्नेश ने खुलासा किया कि वह 30 मिनट तक रेस्टोरेंट के बाहर कतार में खड़े रहे और आसपास के लोगों ने उन पर ध्यान नहीं दिया। विग्नेश और नयनतारा का ये वीडियो काफी तेजी से इंटरनेट पर वायरल हो रहा है। वीडियो में दोनों को किसी आम व्यक्ति की तरह लाइन में खड़े देखा जा सकता है और बाद में बिना किसी का ध्यान आकर्षित किए अपने भोजन का आनंद लेते हुए भी दोनों नजर आएं। वीडियो के साथ विग्नेश ने लिखा, ₹17 नवंबर को इतने वर्षों में सबसे छोटे जन्मदिन का जन्मदिन की पूर्व संध्या पर डिनर वाकई बहुत खुशनुमा, निजी, अंतरंग और बहुत स्वादिष्ट लगा। इस पल को कैद करने में मदद करने वाले एक प्यारे अजनबी का शुक्रिया।" विग्नेश द्वारा पोस्ट साझा करने के तुरंत बाद, प्रशंसकों ने उनकी सादगी की प्रशंसा की और साउथ फिल्म इंडस्ट्री में सबसे पसंदीदा जोड़ों में से एक बताया।

### भोजपुरी

## शारदा को हो गया था मौत का आभास खिड़की पर चिड़िया से कर रही थीं बात

बिहार की सुप्रसिद्ध लोकगायिका शारदा सिन्हा अब हमारे बीच नहीं हैं। जिनकी आवाज ही छठ जैसे महापर्व की पहचान होती



थी, उनका निधन इस साल ठीक छठ के मौके पर हुआ। पिछले काफी समय से बीमार शारदा सिन्हा दिल्ली के एम्स में हॉस्पिटलाइज थीं और 5 नवंबर को उन्होंने इस दुनिया को अलविदा कह दिया। हालांकि, कहते हैं कि अंतिम वक्त से पहले लोगों को इस बात का एहसास हो जाता है और उनके साथ भी वही हुआ था। शारदा सिन्हा के बेटे अंशुमन ने बताया है कि कैसे उनकी मां को 54 घंटे पहले इस बात का पूर्वाभास हो गया था कि अब आखिरी वक्त आ गया है। अंशुमन ने उस मैना का किस्सा सुनाया जो आखिरी समय में हॉस्पिटल में उनके बेड के पास खिड़की पर आकर बैठी थी। अंशुमन ने बताया, 'उनके बेड के पास खिड़की पर बैठी मैना तो देखकर वो (शारदा सिन्हा) कह रही थीं कि हमको भी तुम्हारे पास आना है। जैसे वो मैना उनको लेने के लिए आई हो। फिर एक और मैना वहां पर आ जाता है और वो जो पेयर था दोनों का वो पिताजी को पूरी तरह से इंडिकेट कर रहा था वहां पर। वो उन दोनों पक्षियों के प्रेम को भी देख रही हैं और संवाद भी कर रही हैं उनसे कि हमको भी तुम्हारे पास आना है।' अंशुमन ने बताया कि मां उस पक्षी से कह रही थीं, 'बात करने आई हो हमसे? क्या बोलती हो? गप्प करे ल आएला हन। हां हो? ये सब सवाल वो उससे पूछ रही हैं।

### भारतीयता की झलक



इस साल लैक्मे फैशन वीक में असली शो टॉपर डिजाइनर असीम और पूजा रहे। भारतीय साधुनओं से प्रेरित इनका कलेक्शन ₹अंबीर₹ भारतीयता का एहसास देता है। इनकी डिज़ाइन किसी भी परिधान को एक आकर्षक लुक देती हैं, जैसे कि या तो आगे की तरफ़ ज़्यादा ऊँचाई हो या पीछे की तरफ़ ज़्यादा ऊँचाई हो। असीम और पूजा की यह डिजाइन दर्शकों ने खूब पसंद की।

## बालों की कई परेशानियों को दूर करता है दही, जानें इसके इस्तेमाल का सही तरीका




जिस तरह से दही का सेवन लोगों के शरीर के लिए काफी फायदेमंद होता है, ठीक उसी तरह से दही से इस्तेमाल से आप अपने बालों की कई परेशानियों को दूर कर सकती है। दही में कैल्शियम, प्रोटीन और विटामिन बी5 और विटामिन डी भरपूर मात्रा में पाया जाता है। ऐसे में इसका इस्तेमाल बालों के लिए किसी भी वरदान से कम नही हैं।

अगर आपके बालों में डैंड्रफ की समस्या है तो आप इसके लिए दही का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके इस्तेमाल के लिए आपको दही में दो चम्मच एलोवेरा जेल मिलाना है और साथ में नींबू के रस की कुछ बूंदों को डालना है। इस मास्क को अपने स्कैल्प पर अच्छे से लगाएं। सूख जाने के बाद अपने बालों को अच्छे से धो लें। कुछ दिन बाद आपको इसका असर दिखने लगेगा। अगर आप चाहते हैं कि आपके बाल मजबूत बने रहे तो हफ्ते में दो बार घर पर बना ताजा दही बालों पर लगाएं। इसे अपनी स्कैल्प से लेकर बालों के अंत तक अच्छे से लगाएं। दही के इस्तेमाल से आपके बालों में प्रोटीन की कमी पूरी होती है। अगर आपके बाल काफी ज्यादा झड़ रहे हैं तो दही और मेथी का पेस्ट बनाकर आप बालों में लगा सकती हैं। इसको बनाने के लिए आपको मेथी को रात भर भिगो कर रखना है। मेथी को पीस कर इसे दही में मिलाएं। अब इसे अपनी स्कैल्प पर लगाएं और कुछ समय बाद बालों को धो लें।

## जीतना है ससुराल वालों का दिल तो शादी के बाद पहनें ऐसी साड़ियां





शादी के दिन हर लड़की और लड़के के लिए बेहद अहम होता है। लड़कों की जिंदगी में तो इस दिन के बाद ज्यादा कुछ खास बदलाव नहीं आते, लेकिन दिक्कत तो लड़कियों के सामने खड़ी होती है। लड़कियों को शादी के बाद अपने माता पिता तक का घर छोड़ कर अपने पति के घर रहने के लिए जाना होता है। नए घर में सभी ससुराल वालों को खुश करने के लिए लड़कियां काफी मेहनत करती हैं क्योंकि ऐसा कहा जाता है कि शादी के बाद शुरुआत से ही अगर ससुराल वालों के साथ रिश्ता मजबूत हो जाए तो किसी तरह की परेशानी सामने नहीं आती। ऐसे में लड़कियां अपने ससुराल वालों का दिल जीतने के लिए काफी कोशिश करती हैं। वैसे तो इसके कई तरीके हैं, लेकिन क्या आप जानती हैं कि अच्छे से सज-संवर कर भी आप अपने घरवालों का दिल जीत सकती हैं। जी हां, अगर आप अपने ससुराल में तरह-तरह की साड़ियां पहनकर तैयार होंगी, तो आपके घर वाले इससे जरूर खुश होंगे। आज हम आपको इसी बारे में बताने जा रहे हैं, कि नई दुल्हनों के ऊपर कैसी साड़ियां अच्छी लगती हैं।

### बनारसी साड़ी

ज्यादातर लोगों को नई दुल्हनों पर बनारसी साड़ी ही पसंद आती है। ऐसे में आप भी अपने लुक को खूबसूरत बनाने के लिए बनारसी साड़ियों का इस्तेमाल कर सकते हैं। बनारसी साड़ी ज्यादातर चटक कलरों में ही आती हैं।

### चिकनकारी साड़ी

अगर आपको हल्की साड़ियां पसंद हैं तो लखनऊ की मशहूर चिकनकारी वर्क वाली साड़ी आप कैरी कर सकती हैं। चिकनकारी वर्क की साड़ी पेस्टल रंगों में मिल जाती हैं। ऐसे में ये आजकल की लड़कियों को काफी पसंद भी आती है।

### कांजीवरम सिल्क

नई दुल्हनों के लिए ये काफी सही विकल्प मानी जाती है। अगर शादी के तुरंत बाद आप किसी के घर जा रही हैं तो कांजीवरम सिल्क की साड़ी पहन सकती हैं।

## ट्रिम करते हुए जब हो जाए गलती तो ऐसे करें सुधार



घर पर बियर्ड ट्रिमिंग करना कोई बड़ी बात नहीं है। लेकिन ऐसा करते हुए इसमें गलतियां कर देना बड़ी बात है। कुछ गलतियां तो इतनी बड़ी होती हैं कि आपका लुक ही बिगाड़ देती हैं।

इसलिए जरूरी है कि कॉमन गलतियों को पहचान लिया जाए। पहचान लिया जाए कि कौन सी गलतियां लोग आमतौर पर करते हैं ताकि आप वो गलती बिल्कुल न करें और आपका बियर्ड लुक न बिगड़ें। कौन-कौन सी हैं बियर्ड ट्रिमिंग से जुड़ी गलतियां जान लेते हैं-

### ट्रिमिंग कब करें

ज्यादातर पुरुष बियर्ड के बहुत बढ़ जाने के बाद ही ट्रिमिंग करते हैं। और फिर इतना ट्रिम कर देते हैं कि लुक खराब लगने लगता है। जबकि बालों को ट्रिम करने के बाद बियर्ड की लंबाई कम से कम 1 सेंटीमीटर तक होनी चाहिए। इससे कम होने पर बियर्ड आपके चेहरे पर खराब दिखती है।

### गर्दन और कलम के बाल

बियर्ड ट्रिम हो जाने के बाद अक्सर पुरुष कलम और गर्दन के बालों को ट्रिम करते ही नहीं हैं। जबकि ट्रिम बियर्ड तब ही सही लगती है जब कलम और गर्दन के पास भी इन्हें अच्छे से ट्रिम किया जाए। ऐसा करने के लिए ट्रिमर की सेटिंग थोड़ी कम करें। फिर जहां भी बाल ज्यादा हों ट्रिम कर दें।

### बहुत छोटी मूंछ

मूंछों को जरूरत से ज्यादा छोटा कर देना भी चेहरे के लुक को फुल मार्क्स नहीं मिलने देता है। इससे मूंछों का जुड़ाव दाढ़ी से टूट जाता है। इसलिए जरूरी है कि मूंछों को जरूरतभर ही ट्रिम किया जाए। मूंछों को उतना ही छोटा करें कि उसका जुड़ाव दाढ़ी से कम न हो। और दाढ़ी मूंछे आपस में जुड़ी रहें।

### होंठों के किनारे

मूंछें होंठों के किनारों पर अक्सर कम होती हैं। ट्रिम करते हुए इन बालों का ध्यान रखना पड़ता है। क्योंकि अगर पूरी मूंछ एक जैसी ट्रिम करेंगे तो इन किनारों पर और भी छोटी हो जाएगी।

## ड्रेस के साथ बूट पहनते वक्त इन बातों का जरूर रखें ख्याल



बूट्स वैसे तो किसी भी आउटफिट के साथ अच्छे लगते हैं, लेकिन अगर इन्हें ड्रेस के साथ पहना जाए, तो इनका स्टाइल और ज्यादा क्लासी लगने लगता है। ज्यादातर लड़कियों को ड्रेस के साथ बूट पहनने का शौक होता है लेकिन अगर आप इसे गलत तरह से कैरी करेंगी, तो आपका लुक बिगड़ सकता है। इसी के चलते आज हम आपको कुछ ऐसे टिप्स देंगे, जिनको फॉलो करके आप ड्रेसेज के साथ बूट्स पहन सकती हैं।

### हील्स वाले बूट्स

अगर आप मिडी स्टाइल ड्रेस के साथ बूट्स कैरी करने का सोच रही हैं, तो अपने कमर में चौड़ी सी बेल्ट जरूर लगाएं। इससे आपका लुक और ज्यादा क्लासी लगेगा। बेल्ट लगाने से आपका फिगर काफी ज्यादा खूबसूरत लगेगा। इसके साथ हील्स वाले बूट्स पहनें।

### ऐसे कैरी करें थाई बूट्स

शॉर्ट ड्रेस के साथ हमेशा लंबी हाइट वाले बूट्स ही पहनें। इनकी हाइट तकरीबन 6 इंच होनी चाहिए। इससे आप सर्दी से भी बच जाएंगी और साथ में आपका स्टाइल भी काफी बोल्ड लगेगा।

### एंकल बूट्स

आप इसे किसी भी तरह की ड्रेस के साथ कैरी कर सकती हैं। बस इसे कैरी करते वक्त ध्यान रखें कि आपने मोजे जरूर पहन रखें हों। इससे आपके लुक में काफी ज्यादा बदलाव देखने को मिलेगा।

कार्नर न्यूज

**प्रोफेशनल लुक बेहतर हो तो कान्फिडेंस भी आता है भरपूर**

## ऑफिस के लिए ड्रेसिंग होनी चाहिए 'राइट' इन टिप्स को स्टाइल में जरूर करें शामिल

*ऑफिस ड्रेसिंग कैसी होनी चाहिए? आप कहेंगे प्रोफेशनल लुक के लिए बस फॉर्मल कपड़े और जूते काफी हैं। लेकिन हम कहेंगे 5 टिप्स और जोड़िए आपनी ऑफिस ड्रेसिंग में।ये वो टिप्स हैं जो आपके लुक को फुल मार्क्स दिलाने में मदद करेंगे। ये वो टिप्स हैं जो आपको ऑफिस में लुक्स के मामले में पीछे नहीं रहने देंगे। लुक्स अच्छे होंगे तो आपका कॉन्फिडेंस भी मजबूत होगा। ऑफिस ड्रेसिंग में किन खास बातों का रखा जाना चाहिए ध्यान जानते हैं-*



### अपने लिए लेवल तय करें

आप भले ही ऑफिस में बड़े अधिकारी नहीं हैं। लेकिन फिर भी कपड़ों को बिलकुल परफेक्ट करके जाना भी ऑफिस ड्रेसिंग का जरूरी हिस्सा है। दरअसल कई लोग अपने पोजिशन के हिसाब से कपड़े पहनते हैं। मगर अच्छे कपड़ों में तैयार रहना बॉस के सामने आपकी पहली इमेज तो अच्छी बना ही देता है। उनको ये मैसेज मिल जाएगा कि आप आगे बढ़ने के लिए यहां आए हैं।

### दूसरों से अलग क्या

ऑफिस में दूसरों से अलग क्या पहनते हैं आप? शायद आपके पास इसका जवाब नहीं होगा। मगर सुझाव ये है कि आप ऑफिस के अपने कलीग के लुक्स पर ध्यान दीजिए। वो कौन से प्रिंट, पैटर्न और रंग पहनने हैं, इसको समझिए।

अब आपको इन सबसे अलग ही कुछ पहनना है। ताकि आप बिलकुल अलग दिखें। याद रखिए कि अलग दिखने का मतलब ये भी नहीं है कि आप कुछ भी पहन लें।

### ऑफिस इंटीरियर के रंग

आपके ऑफिस में कैसा इंटीरियर किया गया है, ये तो आप जानते ही हैं। अब इन रंगों में से कुछ भी अपनी ड्रेसिंग के लिए ना लें।

ब्लू, ग्रीन, ब्राउन और ग्रे के शेड वाले कॉर्पोरेट रंगों से मैच करते हुए कपड़े चुनिए। बहुत ब्राइट कलर न चुनें।

### क्वालिटी है जरूरी

आप पूरे हफ्ते में कितने कपड़े बदलते हैं, इससे ज्यादा जरूरी है कि आप किस क्वालिटी के कपड़े पहनते हैं। ऐसे कपड़े चुनिए जो अच्छे से फिट होते हों और आपके साइज के भी हों।

